मंगलवार, 1 जुलाई 2025

**मौसम**

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 82%
सूर्योदय: 4:55 सूर्यास्त: 18:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



आज से बढ़ेगा वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित श्रेणी का रेल किराया पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : अच्छे कर्म करिये और भूल जाइये, समय आने पर फलेंगे।







### कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा

# 'तीनों आरोपियों ने पहले से बना रखा था प्लान'

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के कसबा में स्थित लॉ कॉलेज में छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में गिरफ्तार चार लोगों में से तीन ने हमले की पूर्व योजना बनायी थी। घटना की जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीनों आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, प्रतिम मुखर्जी और जैद अहमद का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। अधिकारी के अनुसार, तीनों इस तरह की घटनाओं को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड कर लेते थे और बाद में पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए फुटेज का इस्तेमाल करते थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पूरा मामला पूर्व नियोजित था। तीनों आरोपी पीड़िता पर अत्याचार करने के लिए कई दिनों से साजिश रच रहे थे। हमें पता चला है कि पीड़िता को कॉलेज में दाखिला लेने के पहले दिन से ही मुख्य आरोपी ने निशाना बनाया था। कोलकाता पुलिस ने तीनों द्वारा कथित तौर पर फिल्माए गए मोबाइल वीडियो की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि रविवार को आरोपी मुखर्जी और अहमद के आवासों पर तलाशी ली गई। हम इससे संबंधित तथा संभवतः अन्य घटनाओं से संबंधित फुटेज की तलाश कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने यह भी कहा कि 25 जून के कथित सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो क्लिप आरोपियों द्वारा साझा किया गया हो सकता है। अधिकारी ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उन क्लिपों को किसी अन्य ग्रुप में फॉरवर्ड या शेयर किया गया था। उस स्थिति में, हमें उन लोगों से संपर्क करना होगा, जिन्हें वे प्राप्त हुए हैं।



### वारादात के 12 घंटे के बाद गिरफ्तार हुए तीन आरोपी, पुलिस ने दी अपडेट

सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस ने वारदात के 12 घंटे के अंदर अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, एक अन्य आरोपी को भी साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया एक्स प्लेटफॉर्म पर दी है। पुलिस ने अपने पोस्ट में कहा कि पीड़िता और आरोपियों की मेडिकल जांच पूरी हो चुकी है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी हो चुकी है। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में विशेष जांच दल द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस ने अपने पोस्ट में आगे कहा कि कोलकाता पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अपराधियों को कठोरतम कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े और पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिले।

### दूसरी मेडिकल रिपोर्ट भी दुष्कर्म की पुष्टि

लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की दूसरी मेडिकल रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। दूसरी जांच रिपोर्ट कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन और स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, दूसरी मेडिकल रिपोर्ट में गुप्तांग के अंदर जख्म पाए गए। छाती और गर्दन के विभिन्न हिस्सों में चोटें हैं। पीड़िता के शरीर से यौन शोषण के पर्याप्त सबूत मिले हैं। इसके अलावा, हाकी स्टिक, कपड़े समेत जब्त की गई विभिन्न वस्तुओं को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया।

### साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज अनिश्चित काल के लिए बंद

लॉ कॉलेज में छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज को अनिश्चित काल के लिए बंद रखने का निर्देश जारी किए गए है। कॉलेज की वेबसाइट पर एक अधिसूचना जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि अनिश्चितकाल के लिए कॉलेज बंद रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि गवर्निंग बॉडी के निर्णय के अनुसार सभी बीए, एलएलबी और एलएलएम कक्षाएं फिलहाल बंद रहेंगी। अधिसूचना में कहा गया है कि किसी भी छात्र को कॉलेज परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यानी कॉलेज अगली सूचना तक बंद रहेगा।

#### पूछताछ के लिए 25 लोगों की बनाई गई सूची

अधिकारी ने बताया कि एसआईटी ने 25 से अधिक लोगों की सूची तैयार की है।

इनमें अधिकतर दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज के छात्र हैं, जो 25 जून की शाम को शैक्षणिक संस्थान में मौजूद थे। जांच के सिलसिले में इन सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी। हमें यह पता लगाना होगा कि उस शाम उन्होंने क्या देखा था?

### सकल जीएसटी संग्रह पांच साल में दोगुना होकर 2024–25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पांच साल में दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024–25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020–21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सकल जीएसटी संग्रह 2024–25 में 22.08 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर को छू गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024–25 में औसत मासिक संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2023–24 में 1.68 लाख करोड़ रुपये और 2021–22 में 1.51 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं की संख्या 2017 के 65 लाख से बढ़कर आठ साल में 1.51 करोड़ से अधिक हो गई है।

### करुणा और ईमानदारी को अपनी चिकित्सा का हिस्सा बनाएं चिकित्सक : राष्ट्रपति मुर्मू



**गोरखपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चिकित्सकों को करुणा और ईमानदारी को अपनी चिकित्सा का हिस्सा बनाने की नसीहत देते हुए सोमवार को कहा कि एक संवेदनशील चिकित्सक न सिर्फ दवा से बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक होने में मदद कर सकता है। राष्ट्रपति ने गोरखपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'मेडिकल टूरिज्म' को बढ़ाने में एम्स जैसे संस्थानों की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत में इलाज का खर्च दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में बहुत ही कम है और इस वजह से विदेश से भी लोग यहां इलाज के लिए आते हैं, जो भारत की एक गौरव गाथा है। मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में पदक और उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा, अपने करियर और जीवन में यह बात हमेशा याद रखें कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। आप जहां भी काम करें, करुणा और ईमानदारी को अपनी चिकित्सा का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा, मैं अपेक्षा करती हूं कि आप अपने ज्ञान का उपयोग केवल अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए ही ना करें, बल्कि समाज के उन वर्गों के लिए भी कार्य करें जिन्हें चिकित्सा सेवाओं की सर्वाधिक आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा, एक चिकित्सक का व्यवहार भी मरीज की मानसिक और शारीरिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डालता है। आज आप चिकित्सक बन गए हैं। एक संवेदनशील चिकित्सक न केवल दवा से बल्कि अपने व्यवहार से भी मरीज को जल्द ठीक होने में मदद करता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि सहानुभूतिपूर्ण देखभाल से मरीज की हालत में तेजी से सुधार होता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा, मैं चिकित्सा शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों से भी अपील करूंगी की भावी चिकित्सकों को शुरुआत से ही एक ऐसा एक तंत्र प्रदान करें, जिससे वे अपने कौशल के साथ-साथ मरीजों से संवाद और रोगियों में विश्वास बढ़ाने जैसे विषयों के बारे में भी जानें और उन्हें अपनी कार्यशैली में अपनाएं।

### भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में कृषि मुद्दों पर अपना रुख कड़ा किया



**नयी दिल्ली :** भारत ने अमेरिकी के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत में कृषि से संबंधित मुद्दों पर अपना रुख कड़ा किया है। इसके साथ, दोनों देशों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गयी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय दल अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत को लेकर वाशिंगटन में है। बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय दल अभी वहां कुछ और समय रुक सकता है। दोनों पक्ष समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। ऐसा नहीं होने पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क अमल में आ जाएगा। शुल्क को अप्रैल में नौ जुलाई तक के लिए टाल दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''यदि प्रस्तावित व्यापार वार्ता विफल हो जाती है, तो 26 प्रतिशत शुल्क फिर से लागू हो जाएगा।'' भारतीय अधिकारियों की अमेरिकी यात्रा को पहले ही तीन दिन बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया है। पहले प्रतिनिधिमंडल को दो दिन रुकना था। वार्ता 26 जून को शुरू हुई थी।

### तेलंगाना में दवा उत्पादन संयंत्र में विस्फोट में 15 लोगों की मौत, 34 घायल



**संगारेड्डी (तेलंगाना) :** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार को एक दवा उत्पादन संयंत्र में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गयी और 34 अन्य घायल हो गए। तेलंगाना के मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री नरसिम्हा ने संवाददाताओं से कहा, 15 लोगों की मौत हो गई और 34 लोग उपचाराधीन हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा, सुबह आठ लोगों की मौत हो गई। अब और सात शव बरामद किए गए हैं। दोनों मंत्रियों ने घटनास्थल का दौरा किया। यह विस्फोट पशम्यलारम औद्योगिक क्षेत्र में सिगाची दवा कंपनी के संयंत्र के एक रिएक्टर में संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुआ। विस्फोट के कारण वहां आग भी लग गयी। पुलिस महानिरीक्षक (मल्टी जोन) वी. सत्यनारायण ने फैक्टरी सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय फैक्टरी में 150 लोग थे जबकि उस क्षेत्र में करीब 90 लोग थे जहां विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुबह 9.28 बजे से 9.35 बजे के बीच हुआ। कंपनी प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। उन्होंने बताया कि दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी भी बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और इस घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

### शुभांशु शुक्ला शुक्रवार को स्कूली छात्रों और इसरो के अभियंताओं से बातचीत करेंगे

**नई दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शुक्रवार शाम को 'हैम रेडियो' के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कक्षीय पोस्ट से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और स्कूली छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। 'अमैच्योर रेडियो ऑन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' (एआरआईएसएस) ने कहा कि यह बातचीत बेंगलुरु में यूआर राव उपग्रह केंद्र में स्थापित एक टेलीब्रिज के माध्यम से की जाएगी, जो स्कूली छात्रों को कक्षीय प्रयोगशाला में अंतरिक्ष यात्रियों के साथ बातचीत की सुविधा प्रदान करता है। शुक्ला तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम–4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिवसीय वैज्ञानिक अभियान पर हैं। एआरआईएसएस कार्यक्रम दुनिया भर के छात्रों को आईएसएस पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अमैच्योर रेडियो संचार सुविधा के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में रुचि और करियर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

### करीब 60% वोटरों को नहीं देना होगा कोई अतिरिक्त दस्तावेज

#### विपक्ष के आरोपों के बीच चुनाव आयोग की सफाई




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि ये कई कारणों से बदलती रहती हैं और संविधान में प्रावधान है कि केवल पात्र नागरिक ही मतदाता सूची का हिस्सा हों और जो नहीं हैं, वो वोट नहीं दे सकें। आयोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब कई विपक्षी दलों ने कहा है कि गहन पुनरीक्षण के कारण राज्य मशीनरी का उपयोग करके बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने का खतरा है। आयोग ने एक बयान में कहा कि मतदाता सूची में संशोधन जरूरी है क्योंकि यह निरंतर बदलाव से गुजरने वाली सूची होती है जो मौतों, प्रवासन के कारण लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नए मतदाताओं के जुड़ने के कारण बदलती रहती है। बयान में कहा गया है, ''इसके अलावा, संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं।'' निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। इसका उपयोग 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में कर सकते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की उप-लब्धता के कारण राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में काफी सुविधा होगी क्योंकि अब कुल मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा। उन्हें बस 2003 की मतदाता सूची से अपना विवरण सत्यापित करना होगा और भरा हुआ गणना फॉर्म जमा करना होगा।






# जनता के विश्वास की डोर हैं डॉक्टर

भारत में डॉक्टर विधान चन्द्र राय की समृति में एक जुलाई को प्रति वर्ष डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। कहा जाता है डॉक्टर की मुस्कुरहट में छिपा है मरीज़ का इलाज। डॉक्टर को धरती का भगवान माना और स्वीकार किया जाता है। पीड़ित मानवता की सेवा के कारण समाज में डॉक्टरों का विशेष आदर और सत्कार है। वर्तमान में डॉक्टरी ही एक ऐसा पेशा है, जिस पर लोग विश्वास करते हैं। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी डॉक्टरों पर है। डॉक्टर्स डे स्वयं डॉक्टरों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि यह उन्हें अपने चिकित्सकीय प्रैक्टिस को पुनर्जीवित करने का अवसर देता है। धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर कोरोना महामारी के दौरान पीड़ित मानवता की सेवा में जी-जान से जुटे और अभी भी सेवा पथ पर सबसे आगे है। डॉक्टर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों का न सिर्फ इलाज करते हैं, बल्कि उन्हें एक नया जीवन भी देते हैं। इसलिए उन्हें धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है। कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते वक्त बहुत से डॉक्टर भी संक्रमित हो गए। अनेक अकाल मौत का शिकार भी हुए। फिर भी जनता की सेवा का जज्बा कम नहीं हुआ है।ऐसा देखा गया है कि इस पावन पवित्र पेशे में भी ऐसे लोग घुस गए हैं जो समर्पण और त्याग के स्थान पर मरीज को लूटने में लग गए है। विशेषकर निजी और प्राइवेट अस्पतालों ने कोरोना संघर्ष के दौरान सेवा कम और लूट पर अपना ध्यान ज्यादा केंद्रित रखा। इन अस्पतालों के अनेक लोग पकडे भी गए। आज आवश्यकता इस बात कि है की इस बदले हुए स्वरुप को जन कल्याण की दिशा में परिवर्तित कर चिकित्स्कीय पेशे के सम्मान की रक्षा कर खोये हुए गौरव को फिर बहाल कर जनता के विश्वास को जीता किया जाए। भारत में आम आदमी छोटी-मोटी बीमारियां होने पर दवाखाना अथवा डॉक्टर के पास जाना पसंद नहीं करता है। सर्दी-जुकाम, खांसी-बुखार आदि मौसमी बीमारियों के दौरान घरेलू उपचार पर वह ज्यादा ध्यान देता है। जब मर्ज बढ़ जाता है और बीमारी बिगड़ जाती है, तब वह दवाखाने की शरण में आता है और डॉक्टर को भगवान मानकर अपने परिजन को स्वस्थ करने की याचना करता है। कमोबेश हमारे देश के आम आदमी की यही स्थिति है।

आज हमें निष्पक्ष भाव से डॉक्टर और मरीज के बीच पनपे अविश्वास की चुनौतियों पर विचार करना होगा। दरअसल इन दिनों डॉक्टरों के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि कई बार मरीज बेहतरीन इलाज मिलने के बावजूद भड़क जाते हैं और डॉक्टर या हॉस्पिटल को नुकसान भी पहुंचा देते हैं। ऐसा हाल के वर्षों में कई जगह देखने को मिला है। ऐसी खबरें आपने भी अखबारों या टीवी पर पढ़ी या देखी होंगी। दरअसल एक डॉक्टर का कार्य मरीजों के हित में सर्वश्रेष्ठ कार्य करना होता है, लेकिन कई बार लाख कोशिश के बावजूद वे मरीज को सन्तुष्ट नहीं कर पाते। कई बार मरीज के परिजन अस्पताल के खर्चे को देखकर भड़क जाते है वह भी तब जब मरीज बजाय ठीक होने के अधिक बीमार होता चला जाता है। उस समय परिजन समझते है अस्पताल अपने खर्चे निकलने में जुटा है और उसे मरीज के स्वास्थ्य की चिंता कम है। मरीज और डॉक्टर के बीच विश्वास की भावना का अभाव है जिसके कारण अस्पतालों में आये दिन मारपीट की घटनाएं होती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए जरूरी है कि मरीज डॉक्टर पर विश्वास करें वहीं डॉक्टर का भी यह कर्तव्य है कि वह मरीज और उसके परिजनों को विश्वास में लेकर ही अपने कार्य को अंजाम दें ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके। – बाल मुकुन्द ओझा

# जगन्नाथ रथयात्रा हादसा प्रबंधन की भूल का परिणाम



प्रमोद भार्गव

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बैंगलुरु में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुश्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा घट गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद षासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती ? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते ? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे,

**संदर्भ- जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा में हुआ हादसा**

उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी ? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा। मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेश मुहूर्त के समय लाखों-करोडों.की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, लेने खासतौर से योरुपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। दरअसल दर्शन-लाभ और पूजापाठ जैसे अनुश्ठान अशक्त और अपंग मनुश्य की वैशाखी हैं। जब इंसान सत्य और ईश्वर की खोज करते-करते थक जाता है और किसी परिणाम पर भी नहीं पहुंचता है तो वह पूजापाठों के प्रतीक गढ़कर उसी को सत्य या ईश्वर मानने लगता है। यह मनुश्य की स्वाभाविक कमजोरी है। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। जब चिंतन मनन की धारा सूख जाती है तो सत्य की खोज मूर्ति पूजा और मुहूर्त्त की षुभ घड़ियों में सिमट जाती है। जब अध्ययन के बाद मौलिक चिंतन का मन-मस्तिश्क में ह्रस हो जाता है तो मानव समुदाय भजन-कीर्तन में लग जाता है। यही ह्रश्र हमारे पथ-प्रदर्शकों का हो गया है। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं।

मीडिया इसी पूजा-पाठ का नाट्य रूपांतरण करके दिखाता है, यह अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निश्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वरीय अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को भाग्य और प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, लोगों को धर्मभीरू बना रहा है। राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध व वैभवशाली होगा। परंतु इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है?

–लेखक/पत्रकार

# धरती के देवदूत: डॉ. विधानचंद्र राय और नेशनल डॉक्टर्स डे की भावनात्मक गाथा



प्रदीप ढेडिया

हर बार जब कोई नवजीवन की डोर थामता है, जब कोई माँ अपने शिशु को पहली बार देख मुस्कुराती है, जब किसी परिवार को यह सूचना मिलती है कि उनका प्रियजन अब ख़तरे से बाहर है – उस क्षण एक नाम अदृश्य रूप से गूंजता है: डॉक्टर। ये वही लोग हैं जो निःस्वार्थ भाव से न केवल जीवन बचाते हैं, बल्कि उसे अर्थ और आशा भी देते हैं।

हमारा सौभाग्य है कि भारतभूमि ने अनेक महान चिकित्सकों को जन्म दिया है, जिन्होंने चिकित्सा को सिर्फ़ पेशा नहीं, एक तप, एक साधना बना दिया। उनमें से एक नाम, जिसकी गूंज इतिहास और वर्तमान दोनों में बराबर है – डा. विधानचंद्र राय। एक जुलाई, जो डॉक्टरों के सम्मान में नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाई जाती है, वह डा. राय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों का दिन है – एक दुर्लभ संयोग जो उनके जीवन के गूढ़ और विलक्षण अर्थ को और भी गहरा करता है।

डा. राय न केवल एक कुशल चिकित्सक थे, बल्कि स्वतंत्र भारत के निर्माण में एक सशक्त राजनेता, विचारक और समाजसेवी के रूप में भी उन्होंने अतुलनीय योगदान दिया। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जिस तरह चिकित्सा, शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। वे मानते थे कि डॉक्टर केवल शरीर नहीं, समाज की भी चिकित्सा करते हैं। और यही विचार उन्हें 'धरता का ईश्वर' कहे जाने वाले डॉक्टरों का आदर्श बना देता है।

समर्पण ट्रस्ट, जो शिक्षा, धर्म, भाषा, अध्यात्म और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में निष्ठा से कार्य कर रही संस्था है, डा. राय के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक वर्ष नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टरों को सम्मानित करती है। यह सम्मान केवल एक समारोह नहीं, बल्कि एक भावनात्मक ऋण की सार्वजनिक स्वीकृति है, जो हम समाज के उन 'रियल हीरों' को अर्पित करते हैं, जिनके प्रयासों से अनगिनत परिवारों में जीवन की लौ जलती रहती है।

सोचिए, जब कोई डॉक्टर ऑपरेशन थियेटर में घंटों तक बिना थके किसी अनजान रोगी को जीवनदान देता है, जब वह अपनी नींद, अपने त्योहार, अपने अपनों को छोड़ कर दूसरों के लिए तैयार खड़ा रहता है, तो क्या वह केवल पेशेवर कर्तव्य निभा रहा होता है?



नहीं, वह मानवता की सबसे ऊँची मिसाल पेश कर रहा होता है। यही वह क्षण होता है जब डॉक्टरी एक सेवा नहीं, एक संवेदना बन जाती है।

समर्पण ट्रस्ट का यह प्रयास – डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मानित करना – एक सामाजिक कृतज्ञता का प्रतीक है। यह हमें यह याद दिलाता है कि जिन हाथों में स्टेथ-ेस्कोप है, वे केवल नब्ज नहीं, जीवन की धड़कन पहचानते हैं। वे हाथ कभी डाँटते नहीं, डरते नहीं, थकते नहीं – वे बस समर्पण करते हैं।

आज जब चिकित्सा व्यवसाय को कई बार आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है, तब यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम सच्चे चिकित्सकों की पहचान करें, उन्हें नमन करें, और यह कहें – आपके बिना यह जीवन अधूरा है। डॉक्टर हमारे जीवन के वे स्तंभ हैं, जो न केवल हमें गिरने से बचाते हैं, बल्कि हर बार, हर चुनौती के बाद हमें खड़ा भी करते हैं।

डा. राय जैसे महान व्यक्तित्व की स्मृति में जब एक पूरा देश, और विदेशों में बसे भारतवासी भी, 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाते हैं, तो वह केवल एक व्यक्ति की जयंती नहीं होती – वह एक विचार, एक परंपरा, एक जीवन दर्शन की पूजा होती है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि सेवा, संवेदना और समर्पण ही वे मूल्य हैं जो किसी डॉक्टर को महामानव बनाते हैं।

आज जब हम कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के अनुभव से गुजर चुके हैं, और जब लाखों डॉक्टरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर मानवता की सेवा की, तब यह दिन और भी ज्यादा अर्थपूर्ण हो गया है। हर मास्क के पीछे एक चेहरा है, जो थकता है, पर हारता नहीं। हर सफेद कोट के भीतर एक दिल है, जो धड़कता है – केवल दूसरों के लिए।

समर्पण ट्रस्ट का यह मानवीय प्रयास उन अनाम डॉक्टरों को भी उजागर करता है जो छोटे कस्बों, दूरदराज़ के गांवों या सरकारी अस्पतालों में चुपचाप अपनी ड्यूटी निभाते हैं। जो बड़ी तस्वीर का हिस्सा नहीं बनते, पर जिनके छोटे-छोटे प्रयास मिलकर लाखों जिंदगियों को रोशन करते हैं।

नेशनल डॉक्टर्स डे, डॉ. राय की जयंती और पुण्यतिथि पर, एक सामूहिक प्रणाम है – उन सभी को, जो निःस्वार्थ सेवा की प्रतिमूर्ति हैं। आइए, इस दिन हम केवल सम्मान न करें, बल्कि एक वादा भी करें – कि हम डॉक्टरों की मेहनत को समझेंगे, उन्हें सहयोग देंगे, और हर उस व्यक्ति को धन्यवाद देंगे, जिसने किसी दिन हमारी साँसों को फिर से गिनती देना सिखाया।

क्योंकि डॉक्टर सिर्फ़ इलाज नहीं करते – वे उम्मीद बाँधते हैं। वे जीवन को स्पर्श करते हैं। और यही उन्हें इस धरती का ईश्वर बना देता है।

–ट्रस्टी, समर्पण ट्रस्ट

## विदेश की खबरें

# भारत के साथ सीमा विवाद जटिल, सुलझाने में समय लगेगा : चीन

**बीजिंग :** चीन ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगेगा लेकिन इसके साथ ही उसने सरहदों के निर्धारण पर चर्चा करने तथा हालात शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 जून को चिंगदाओ में अपने चीनी समकक्ष दोंग जून के साथ बैठक में प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के इतर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह की टिप्पणी को लेकर चीन की प्रतिक्रिया पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'मैं आपको बता सकती हूं कि चीन और भारत ने सीमा से जुड़े विषय पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र की स्थापना की है तथा चीन-भारत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों एवं मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति बनाई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विभिन्न स्तरों पर कूटनीतिक और सैन्य संचार तंत्र हैं। निंग ने कहा, चीन भारत के साथ सरहदों के निर्धारण और सीमा प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर संवाद बनाए रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा सीमा पार आदान-प्रदान एवं सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23 दौर की वार्ता के बावजूद सीमा मुद्दे को सुलझाने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर निंग ने कहा, सीमा का सवाल जटिल है और इसे सुलझाने में समय लगता है। उन्होंने कहा, सकारात्मक पक्ष यह है कि दोनों देशों ने पहले ही गहन संवाद के लिए विभिन्न स्तर पर तंत्र स्थापित कर लिए हैं। हमें उम्मीद है कि भारत चीन के साथ इसी दिशा में काम करेगा, प्रासंगिक मुद्दों पर संवाद जारी रखेगा और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखेगा। विशेष प्रतिनिधियों के रूप में 23वीं बैठक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच पिछले साल दिसंबर में हुई थी। 2020 में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के पश्चिमी क्षेत्र में टकराव के बाद विशेष प्रतिनिधियों की यह पहली बैठक थी। भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दोंग के साथ बैठक में सिंह ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नयी दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच सिंह और दोंग की बैठक हुई।

### जर्मनी यूक्रेन को तेजी से हथियार बनाने में मदद करेगा: विदेश मंत्री

**कीव :** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने सोमवार को कहा कि उनके देश का लक्ष्य यूक्रेन को और अधिक तेजी से हथियार बनाने में मदद करना है ताकि कीव रूस के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत कर सके। वेडफुल ने जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ यूक्रेनी राजधानी कीव की यात्रा के दौरान कहा, हम मानते हैं कि हमारा काम यूक्रेन की मदद करना है ताकि वह अधिक मजबूती से बातचीत कर सके। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयास युद्ध को रोकने में विफल रहे हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 01 जुलााई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष षष्ठी, 10:24 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 08:51 तक, योग : व्यतिपाता, 17:15 तक, सूर्योदय: 4:55, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 10:22, चन्द्रास्त: 22:48, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 15:00 से 16:41

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। लेनदेन से संबंधित मामले में आप अपने आंख और कान खुले रखें।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए कला कौशल में निखार लेकर आएगा। आप अपने हुनर को तराशेंगे, जो आपकी आय के सोर्स को बढाएगा। आप अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें।

**मिथुन :** आज आप किसी काम को लेकर कोई जोखिम न उठाएं। बिजनेस में भी आप थोड़ा सोच समझकर ही धन लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि कोई नुकसान होने की संभावना है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। भाई बहनों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकते हैं। अपने आसपास रह रहे लोगों से भी थोड़ा सतर्क रहना होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा और आप अपने कामों को आज किसी दूसरे के भरोसे नहीं छोड़ेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने परिवार में अपनी जिम्मेदारियां से बिल्कुल पीछे ना हटें। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे।

**धनु :** आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि उन्हें कोई अच्छा अवसर मिलने की संभावना है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने के लिए रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। अपनी सेहत को लेकर भी लापरवाही बरतने से बचना होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों पर पूरा ध्यान देंगे और किसी जरूरी कामों को लेकर आप कहीं यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अपने जरूरी कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। सरकारी मामलों में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह से निपटना बेहतर रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3139



बायें से दायें:- 1) आसपास, 4) एक सिक्का, 6) काग़ज़ का छोटा टुकड़ा, 7) निषिद्ध, 8) भुलावा, 10) उपलक्ष्य में, 12) जी, 14) कबूतर, 16) कमर, 18) मुश्किल, 19) साहस; क्लेजा, 21) बिंदी, 23) वस्त्र, 24) उत्तर, 25) इशारा, 26) मृत्यु, 27) खतम, 29) कंजूस.

ऊपर से नीचे:- 1) फ़ालतू 2) सब से छोटा, 3) शैशव, 4) दिलचस्पी, 5) एक बिहारी शहर, 9) वजह से, 11) क्रोधपूर्ण दृष्टि; भ्रूभंगिमा, 13) जाली, 15) उचित, 17) एक पक्षी, 20) अहंकारी, 22) चहचहाहट, 23) अस्त, 25) प्रयाग (गंगा - यमुना), 26) हथियार, 27) गाडर नामक घास की सुगंधित जड़, 28) सौ में सौ; कुल

(उत्तर: अगले अंक में)

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | श्रु | मा | र | ■ | वि | च | लि | त | ■ |
| ■ | ■ | धु | त | का | र | ना | ■ | क | मी |
| फ़ | रा | री | ■ | र | क्त | ■ | अ | ■ | च |
| स | ■ | ■ | ज | वाँ | ■ | ग | प | क | ना |
| ल | बा | ल | ब | ■ | आ | ■ | रो | ड़ा | ■ |
| ■ | दा | ता | ■ | स | म | क | क्ष | ■ | अं |
| आ | म | ■ | द | ना | द | न | ■ | भू | त |
| रो | ■ | ला | ■ | त | ■ | कौ | ■ | ■ | र्ग |
| प | ह | ल | वा | नी | ■ | वा | हि | या | त |

## सुडोकू-पहेली-3096

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | 5 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| | 3 | 1 | 8 | | | | | |
| | 9 | | 4 | | | 8 | 5 | |
| | 6 | | 5 | | 7 | 2 | 1 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3095 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |

# 'पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता', भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने कहा

- फैक्ट फाइडिंग टीम ने घटनास्थल का किया दौरा, पुलिस पर असहयोग करने का आरोप
- फैक्ट फाइडिंग टीम ने कोलकाता पुलिस आयुक्त से भी की मुलाकात



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में पिछले सप्ताह हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में भाजपा द्वारा गठित 'फैक्ट फाइडिंग टीम' ने सोमवार को कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के कोलकाता पुलिस आयुक्त के आश्वासन के बावजूद, वह पुलिस पर मामले की उचित जांच करने के लिए भरोसा नहीं कर सकता। सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी, बिप्लब कुमार देब और मनन कुमार मिश्रा वाला दल सोमवार की सुबह कोलकाता पहुंचा और शहर के पुलिस प्रमुख मनोज कुमार वर्मा तथा साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के अधिकारियों से मुलाकात की। दल ने सवाल उठाया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को कॉलेज का कर्मचारी क्यों नियुक्त किया गया।

लेखी ने आरोपियों के लिए मृत्युदंड की वकालत करते हुए कहा कि अपराधियों को कॉलेज में बिना किसी उचित सत्यापन के तदर्थ शिक्षक या कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। मुख्य आरोपी की कोई हिस्ट्रीशीट नहीं है, जिस पर पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए पिछले दरवाजे से उसकी नियुक्ति की गई थी। यह शिक्षा का अपराधीकरण भी है। आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले का जिक्र करते हुए फैक्ट फाइडिंग टीम ने मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ऐसे हर अपराध के पीछे सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों का हाथ पाया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में महिलाएं देश में सबसे अधिक असुरक्षित हैं तथा उनके खिलाफ अत्याचार के मामलों में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना कठिन है।

मनन कुमार मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में महिलाएं यहां सुरक्षित नहीं हैं। उनके खिलाफ अत्याचार की एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं। यह शर्म की बात है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की ऐसी घटनाएं ऐसे राज्य में होती हैं जहां की मुख्यमंत्री खुद एक महिला हैं। उन्होंने कहा कि हमने आज कोलकाता पुलिस आयुक्त से मुलाकात की और उन्होंने हमें मुख्य आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन ऐसे राज्य में जहां दुष्कर्म पीड़िता के लिए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना मुश्किल हो जाता है, हम उनके आश्वासन पर भरोसा नहीं कर सकते। मिश्रा ने इस बात पर भी संदेह जताया कि क्या पीड़िता और उसके परिवार पर तथ्यान्वेषी दल से नहीं मिलने के लिए 'दबाव' डाला गया था। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर हमें इस खतरे की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस की सही मंशा पर संदेह है, वहीं हम यह भी समझने में विफल रहे कि क्या पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों पर कोई दबाव है और उन्हें सामने आने की अनुमति क्यों नहीं दी गई।

कथित अपराध स्थल साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज का दौरा करने और संस्थान के उप-प्राचार्य से मुलाकात करने से पहले तथ्यान्वेषी दल लालबाजार में कोलकाता पुलिस मुख्यालय गया और पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा से मुलाकात की। हालांकि, तथ्यान्वेषी दल को न तो अपराध के वास्तविक स्थल तक जाने दिया गया और न ही तस्वीरें लेने दी गईं और सदस्यों ने वहां की स्थिति का सामान्य जायजा ही लिया। इससे पहले, तथ्यान्वेषी दल के सदस्यों ने आरोप लगाया था कि उन्हें शहर के शीर्ष पुलिस अधिकारी से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जबकि उन्होंने उनसे पहले ही मिलने का समय मांगा था।

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने भी सवाल उठाया कि कैसे टीएमसी का एक विधायक एक हिस्ट्रीशीटर को लॉ कॉलेज में 'नियुक्त' कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक राज्य प्रायोजित अपराध है। यह टीएमसी के नेतृत्व में हो रहा है। यह आश्चर्यजनक है कि कैसे टीएमसी का एक विधायक एक हिस्ट्रीशीटर का समर्थन कर रहा था। मुझे लगता है कि टीएमसी विधायक अशोक देब से पूछताछ की जानी चाहिए। हम ममता बनर्जी को महिलाओं के खिलाफ अपराध होने देने के लिए चेतावनी देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। यहां तककि कानून की छात्रा भी सुरक्षित नहीं है। देब ने यह भी आरोप लगाया कि तथ्यान्वेषी दल को राज्य के मुख्य सचिव से मुलाकात की अनुमति नहीं मिली और कहा कि तथ्यान्वेषी दल बाद में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को एक रिपोर्ट सौंपेगा।

# राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत का कार्यकाल छह महीने बढ़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत आगामी छह महीने तक अपने पद पर बने रहेंगे। सोमवार को केंद्र सरकार से इस संबंध में स्वीकृति मिलने के बाद राज्य सरकार ने इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, डॉ. पंत का कार्यकाल जून महीने में समाप्त हो रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने उनकी सेवावृद्धि के लिए केंद्र से औपचारिक अनुरोध किया था। केंद्र ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इसके अनुसार, डॉ. मनोज पंत अब एक जुलाई से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक राज्य के मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत रहेंगे। बता दें कि डॉ. मनोज पंत 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। मुख्य सचिव बनने से पहले उन्होंने राज्य सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों का नेतृत्व किया है, जिनमें वित्त विभाग जैसे प्रमुख पद शामिल हैं। राज्य प्रशासनिक हलकों में उन्हें एक अनुभवी और कुशल अधिकारी के रूप में जाना जाता है। उनके कार्यकाल के विस्तार को प्रशासनिक स्थायित्व और नीति-निर्माण की निरंतरता के रूप में देखा जा रहा है।

समाज्ञा
हिन्दी दैनिक
आपकी बात सच के साथ

**E-TENDER NOTICE**
**UTTAR JHAPORDAH G.P.**
Domjur, Howrah
**E-TENDER NOTICE**
E-Tenders are invited online through **https://wbtenders.gov.in** by the Pradhan, Uttar Jhapordah G. P. for the following work(s) vide NIET Nos:
**WB/HOW/DOM/UJGP/25-26/205 to 209 Date: 30/06/2025, Memo No.** UJGP/2025-26/215 Date: 30/06/2025 (Re-Tender) **(a)** WB/HOW/ DOM/UJGP/25-26/145 Date: 13/05/2025 (3rd Call) **(b)** WB/HOW/DOM/UJGP/25-26/174 to 175 Date: 02/06/2025 (2nd Call) **(c)** WB/HOW/DOM/UJGP/25-26/216 to 219 Date: 30/06/2025 (2nd Call) **Bid Submission date (online):** from 01/07//2025 at 6PM to 09/07/2025 at 12 noon WB/HOW/DOM/ UJGP/25-26/210 to 214 Date: 30/06/2025
**Bid Submission date (online): from 01/07//2025 at 6 PM to 19/07/2025 at 12 noon**
Details Information is available at this Office within the working days.
Sd/-
Pradhan Uttar Jhapordah G.P. Uttar Jhapordah, Domjur, Howrah

**E-TENDER**
e-tender is hereby invited by the Deputy Director of Textiles, (Handloom), Kolkata Division for organising Tant Bastra mela at Bidyanagar football ground, Bishnupur-2 GP, South 24 parganas for the temporary Pandel work, bathroom work, and electrical work. NIT No. Dy.Dir.Kol.Divn/NT01(e)/2025-26 dated 01-07-2025. Please visit https://wbtenders.gov.in for details.
Deputy Director of Textiles(Handloom)
Kolkata Division.

# मंत्री शशि पांजा ने भाजपा की फैक्ट फाइडिंग टीम पर बोला हमला

## टीम को पद्मश्री कार्तिक महाराज मामले में पीड़िता से मिलने की दी सलाह



**कोलकाता, समाज्ञा :** साउथ कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर राज्य सरकार सवालों के घेरे में हैं। इस बीच, पद्मश्री कार्तिक महाराज पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। इसे लेकर पुलिस ने कार्तिक महाराज को पूछताछ के लिए नवग्राम थाने में पेश होने के लिए नोटिस भेजा है। इस मामले को लेकर राज्य की मंत्री डॉ. शशि पांजा ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की फैक्ट फाइडिंग टीम से कार्तिक महाराज मामले में पीड़िता से मिलने के लिए कहा है। मंत्री शशि पांजा ने फैक्ट फाइडिंग टीम में शामिल नेताओं बिप्लब देब, सतपाल सिंह और मनन मिश्रा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिप्लब देब वही व्यक्ति हैं जिनके राज में त्रिपुरा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। पत्रकारों और विपक्ष पर हमले लगातार हो रहे थे। हमारे राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के काफिले पर हमला किया गया। सुष्मिता देव पर त्रिपुरा में हमला हुआ। जब वे सीएम थे, तब त्रिपुरा में कई दुष्कर्म के मामले हुए। इसके बाद, उन्होंने सतपाल सिंह का नाम लेते हुए कहा कि जब हाथरस दुष्कर्म का मामला हुआ था, तब सतपाल सिंह ने कहा था कि पुलिस और सरकार दुष्कर्म नहीं रोक सकती। मीनाक्षी लेखी वही पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, जिन्होंने मध्य प्रदेश में विपक्ष को सदन में धमकी देते हुए कहा था कि चुप रहो वरना ईडी तुम्हें गिरफ्तार कर लेगी। शशि पांजा ने कहा कि भाजपा को फोटो ऑप्टिक्स के बजाय उन राज्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जहां वो सत्ता में हैं और कार्तिक महाराज जैसे 'दुष्कर्मियों' का बचाव करना बंद करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ममता ने आदिवासियों को 'हूल दिवस' की बधाई दी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आदिवासियों को 'हूल दिवस' के अवसर पर बधाई दीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि अंग्रेजों के उत्पीड़न के खिलाफ सिदो मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथालों का संघर्ष आज भी प्रेरणादायक है। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हूल दिवस के अवसर पर मैं अपने सभी आदिवासी भाइयों और बहनों को सादर नमन करती हूं। शासकों के उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ सिदो और कान्हू के नेतृत्व में संथालों का संघर्ष आज भी हमें प्रेरित करता है। ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के पश्चिमी भाग में जंगलमहल क्षेत्र में स्थापित एक विश्वविद्यालय का नाम दोनों आदिवासी नायकों सिदो और कान्हू के नाम पर रखा है।

**हावड़ा मंडल के तहत टिकट मूल्य राशि लौटाने के मामलों का प्रक्रियाकरण और निपटान**
**सूचना**
हावड़ा मंडल के तहत काउंटर/सिस्टम टिकटों से संबंधित टीडीआर मूल्य राशि को लौटाने के मामलों का प्रक्रियाकरण **दिनांक 01.07.2025 से** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा के अधीन मंडल कार्यालय, हावड़ा में किया जाएगा। हावड़ा मंडल के तहत पीआरएस काउंटरों के लिए टीडीआर के पैसेंजर फॉइल को हावड़ा में निम्नलिखित पते पर भेजा जाएगा: **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101**
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**
**सं.ओएएच/2/1/जनरल.दिनांक:27.06.2025**
वरिष्ठ मंडल अभियंता, IV, हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं.: ई निविदा सं. 97_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन / बीएचपी और एईएन/ आरपीएच के तहत सीमित ऊंचाई वाले सबवे के ऊंचाई गेज का मानकीकरण और एडीईएन/आरपीएच के तहत सीमित ऊंचाई वाले सबवे 36,40,38 आदि में दोनों छोर पर छत कवरिंग, जल भंडारण जलाशय के साथ नाबदान, जल निकासी व्यवस्था प्रदान करके मौजूदा सीमित ऊंचाई वाले सबवे के उन्नयन के साथ सुधार; **अनुमानित लागत:** रु. 3,49,73,130.10; **बयाना राशि:** रु. 3,24,900.00; **निविदा प्रपत्र लागत (रु.)** : शून्य; **पूर्ण होने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :** 21.07.2025, 14.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज़ लागत का भुगतान, केवल उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:-** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (HWH-164/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**
**शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट**
हावड़ा मंडल की बर्द्धमान-खाना शाखा में खाना स्टेशन पर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग **(दिनांक 02.09.2025 से 05.09.2025 तक)** और नॉन-इंटरलॉकिंग **(दिनांक 06.09.2025 से 08.09.2025 तक)** कार्य के कारण ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि **13176 सिलचर-सियालदह-कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 05.09.2025)** अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल-नैहाटी-दमदम जं. होकर परिवर्तित मार्ग के माध्यम से चलने के बजाय **रद्द** रहेगी। अन्य सभी तथ्य अपरिवर्तित रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामला : सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, सीबीआई जांच की मांग



**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई को पत्र के जरिए एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। याचिका में सीजेआई से अनुरोध किया गया है कि वह इस मामले में संज्ञान लेकर तत्काल और निष्पक्ष जांच का आदेश दें। इसके साथ ही यह मांग भी की गई है कि इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए और जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया जाए। यह याचिका वकील सत्यम सिंह की ओर से दाखिल की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि पीड़िता को 50 लाख रुपये की अंतरिम मुआवजा राशि दी जाए, जिससे उसका उपचार, पुनर्वास और कानूनी खर्च पूरा किया जा सके। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया है कि पीड़िता, उसके परिवार और सभी गवाहों को तत्काल और पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, शिक्षण संस्थानों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, खासकर कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर पीड़िता को अपमानित करने वाले बयान दिए हैं।

## हाई कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर, सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा स्थित लॉ कॉलेज की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की गई हैं। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दोनों याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। इस मामले में पहली याचिका दायर की है सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंघल ने, जो इससे पहले आरजी कर अस्पताल में हुई मौतों के मुद्दे पर भी जनहित याचिका दाखिल कर चुके हैं। सोमवार को उन्होंने न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष इस संवेदनशील मामले को उठाया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। इसके अलावा, अधिवक्ता सौम्यशुभ्र रॉय ने भी कसबा कांड को लेकर जनहित याचिका दायर करने की अनुमति मांगी थी। डिवीजन बेंच ने उनकी याचिका को भी स्वीकार कर लिया है। लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर राज्य में तनावपूर्ण माहौल है। अब इस मामले में अदालत की निगरानी में आगे की प्रक्रिया होने की संभावना है। कोर्ट के सूत्रों ने बताया है कि अगले दो दिनों में इन याचिकाओं पर सुनवाई हो सकती है।

# पूर्व आईपीएस व विधायक हुमायूं कबीर ने पार्टी को दिया कारण बताओ नोटिस का जवाब

- तृणमूल ने बिना पार्टी की अनुमति के कालीगंज में मारे गए बच्चे के घर जाने पर किया था शोकाज



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व आईपीएस अधिकारी व तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने पार्टी के कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया है। बता दें कि पिछले गुरुवार को तृणमूल के राज्य नेतृत्व ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा था। पूर्व मंत्री से तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया था। रविवार को उन्होंने राज्य नेतृत्व को पत्र लिखकर कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया। सोमवार को हुमायूं ने कहा कि उन्होंने पार्टी को जवाब भेज दिया है। हालांकि, पूर्व पुलिस अधिकारी ने जवाब में जो लिखा, उस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। तृणमूल नेतृत्व के सूत्रों के अनुसार, हुमायूं ने अपने जवाब में कोई गलती नहीं मानी और न ही कोई खेद व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कालीगंज विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के बीच विजय जुलूस से माकपा कार्यकर्ताओं के घर को निशाना बनाकर देशी सॉकेट बम फेंका गया। बम विस्फोट में दस वर्षीय बच्ची तमन्ना की मौत हो गई। बुधवार को देबरा के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर मृतक तमन्ना के घर गए थे। वह मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देना चाहते थे। लेकिन तमन्ना की मां सबीना बीबी ने पैसे नहीं लिए। इसके बजाय, उन्होंने मांग की कि दोषियों को सजा मिले। तमन्ना की मां ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कालीगंज में जीतने वाले तृणमूल उम्मीदवार एक बार भी उनके घर नहीं आए। तृणमूल नेतृत्व इस बात से नाराज है कि कबीर पार्टी नेतृत्व को बताए बिना इस तरह से मृतक लड़की के घर क्यों गए। गुरुवार शाम हुमायूं को शो-कॉज किया गया। कहा जाता है कि हुमायूं को इस बात का विस्तृत जवाब देना होगा कि वह पार्टी नेतृत्व को बताए बिना कालीगंज क्यों गए।

**कुछ स्टेशनों में आठ ट्रेनों की समय-सूची में संशोधन**
नीचे उल्लेखित आठ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की समय-सूची में उसके समक्ष उल्लेखित स्टेशनों में निम्नानुसार **संशोधन** किए जाएंगे:
**ट्रेनों की संशोधित समय-सूची - (1) 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: कामाख्या**-आगमन 09.16 बजे/प्रस्थान 09.18 बजे। **गुवाहाटी**-आगमन 09.35 बजे। **(2) 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 04.07.2025 से प्रभावी]: गुवाहाटी**-प्रस्थान 12.40 बजे। **कामाख्या**-आगमन 12.55 बजे/प्रस्थान 12.57 बजे। **(3) 13063 हावड़ा-बालुरघाट एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: बालुरघाट**-आगमन 17.45 बजे। **(4) 13147 सियालदह-बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: जलपाईगुड़ी रोड**-आगमन 07.10 बजे/प्रस्थान 07.12 बजे, **न्यू मयनागुड़ी**-आगमन 07.24 बजे/प्रस्थान 07.26 बजे, **धुपगुड़ी**-आगमन 07.43 बजे/प्रस्थान 07.45 बजे, **फालाकाटा**-आगमन 08.08 बजे/प्रस्थान 08.10 बजे, **न्यू कोचबिहार**-आगमन 08.50 बजे/प्रस्थान 08.55 बजे, **दिनहाटा**-आगमन 09.45 बजे/प्रस्थान 09.47 बजे, **बामनहाट**-आगमन 10.45 बजे। **(5) 13431 नबद्वीप धाम-बालुरघाट एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: बालुरघाट**-आगमन 11.40 बजे। **(6) 13432 बालुरघाट-नबद्वीप धाम एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: बालुरघाट**-प्रस्थान 14.40 बजे। **(7) 13150 अलीपुरद्वार जंक्शन-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 04.07.2025 से प्रभावी]: अलीपुरद्वार जंक्शन**-प्रस्थान 15.30 बजे। **(8) 13149 सियालदह-अलीपुरद्वार जंक्शन कंचनकन्या एक्सप्रेस [(यात्रा आरम्भ होने की तारीख) 03.07.2025 से प्रभावी]: अलीपुरद्वार जंक्शन**-आगमन 12.30 बजे।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बशीरहाट में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट अनुमंडल के नैजाट थाना इलाके में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम मिजान शेख (42) है। पीड़िता अस्पताल में भर्ती बताई जा रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिग नैजाट थाना अंतर्गत आगरअटी गांव की निवासी है। आरोपी मिजान शेख भी इसी इलाके का रहने वाला है। नाबालिग के माता-पिता काम के लिए तमिलनाडु में रहते हैं। 13 वर्षीय नाबालिग अपने बड़े पापा के घर पर रहकर पढ़ाई करती है। बताया गया है कि गत रविवार की शाम लड़की घर में अकेली थी। उसी समय कथित तौर पर मिजान शेख घर में घुस आया। आरोप है कि लड़की का चेहरा ढक कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इतना ही नहीं, लड़की को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद लड़की बीमार पड़ गई। उसे देखकर उसके परिजनों को शक हुआ। बाद में, लड़की ने सारी बात अपने परिजनों को बता दी। बिना देरी किए परिजनों ने नैजाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और सोमवार की सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि आरोपी ने पहले भी कई बार लड़की से अकेले में दुष्कर्म किया था। लड़की को बशीरहाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी मेडिकल जांच कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि मजिस्ट्रेट के सामने लड़की का बयान भी दर्ज कराया जाएगा।

## बांकुड़ा में आम खिलाने का लालच देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार



**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिला के सोनामुखी इलाके में एक स्थानीय युवक पर आम खिलाने के बहाने तालाब के पास ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर आरोपी युवक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम सप्तर्षि नाग उर्फपिंटू (35) है। पुलिस ने पोक्सो धारा के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। बताया गया है कि गत रविवार को 10 वर्षीय नाबालिग सोनामुखी इलाके में स्थित काली मंदिर के सामने खेल रही थी। पिंटू नाबालिग का पड़ोसी है। बताया जाता है कि नाबालिग उसे काकू कहकर बुलाती थी। खेलते समय आरोपी युवक मंदिर के आसपास ही था। आरोपी ने चौथी कक्षा की नाबालिग को आम खिलाने के बहाने अपने पास बुलाया। लेकिन, वह खेल छोड़ना नहीं चाहती थी। इस पर, आरोप है कि युवक नाबालिग को जबरन इलाके के एक सुनसान तालाब में ले गया। आरोप है कि वहां उन्हें प्रताड़ित किया गया। फिर, घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके बाद, नाबालिग को छोड़ दिया गया। दर्द से तड़पती नाबालिग किसी तरह घर लौटी। उसे ऐसी हालत में देखकर परिवार वालों को शक हुआ। पूछने पर नाबालिग ने पूरी घटना बता दी। उसके बाद, लड़की के परिवार वाले आनन-फानन में थाने गए। पड़ोसी युवक के नाम पर लिखित शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। पहले उसे सोनामुखी अस्पताल और बाद में बिष्णुपुर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने जांच कर पिंटू को गिरफ्तार कर लिया। पोक्सो धारा के तहत मामला शुरू कर दिया गया है। सोमवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बिष्णुपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। बिष्णुपुर एसडीपीओ सुप्रकाश दास ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।



# पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में अब समुद्री जीवों की होगी टैगिंग : भूपेन्द्र यादव

**कोलकाता, समाज्ञा :** समुद्री जीवों के संरक्षण के लिए राज्य के तटवर्ती इलाकों में अब वैज्ञानिक ढंग से टैगिंग की जाएगी, जिससे इनकी पहचान और निगरानी आसान हो सके। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोमवार को ने यह बात कोलकाता में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई) के 110वें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 'एनिमल टैक्सोनॉमी समिट-2025' का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन एक से तीन जुलाई तक आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश से आए विशेषज्ञ भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया समुद्री और तटीय जीवों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसके तहत ओडिशा के तटों पर टैगिंग की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है और अब यह कार्य राज्य के तटों तक बढ़ाया जा रहा है। बताया कि ओडिशा में 'ऑलिव रिडले' प्रजाति के कछुओं की टैगिंग में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जिससे उनके प्रवास और व्यवहार की निगरानी संभव हो सकी है। इसी अनुभव के आधार पर अब बंगाल के समुद्री जीवों को भी टैग किया जाएगा, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर तरीके से समझा और संरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिकों और अधिकारियों को



संबोधित करते हुए पर्यावरणीय शोध को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जेडएसआई के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्था देश की जैव विविधता के दस्तावेजीकरण और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस विशेष अवसर पर '110 घंटे का हैकाथन' भी सम्पन्न हुआ, जो कि देशभर के 16 क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ आयोजित किया गया था। जेडएसआई की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी के नेतृत्व में तैयार की गई चेकलिस्ट ऑफ फॉना ऑफ इंडिया वर्शन 2.0 का भी लोकार्पण किया गया, जिसमें अब तक की 1,05,244 प्रजातियों और उप-प्रजातियों की सूची शामिल है। केन्द्रीय मंत्री ने 'एनिमल डिस्कवरीज 2024' नामक रिपोर्ट भी जारी की, जिसमें भारत में खोजी गई 683 नई प्रजातियों की जानकारी दी गई है। सबसे अधिक नई प्रजातियां केरल (101) से रिपोर्ट की गई हैं, इसके बाद कर्नाटक (82), अरुणाचल प्रदेश (72), तमिलनाडु (63) और पश्चिम बंगाल (56) का स्थान है। साथ ही पौधों पर आधारित 'प्लांट डिस्कवरीज 2024' रिपोर्ट का भी विमोचन किया गया, जिसमें 410 प्रजातियां दर्ज की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के काउंटर इंसर्जेसी एंड जंगल वारफेयर स्कूल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जो हिमालयी क्षेत्र के खाद्य व औषधीय महत्व के जीवों पर शोध को लेकर है। इसके अलावा, इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के साथ भी एक अहम एमओयू किया गया, जिसके तहत भारतीय वनस्पति और जीवों की राष्ट्रीय रेड लिस्ट विकसित की जाएगी। समारोह के पश्चात एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें वन्यजीव संरक्षण में पारंपरिक ज्ञान की भूमिका पर छह व्याख्यान प्रस्तुत किए गए और खुले सत्र में विचार-विमर्श हुआ।

## विधाननगर नगर निगम 'रूपोश्री' योजना के क्रियान्वयन में राज्य में अव्वल

❑ **लाभार्थियों की संख्या में हर साल इजाफा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'रूपश्री' योजना के तहत सेवा और सहायता प्रदान करने में विधाननगर नगर निगम ने राज्य में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार विधाननगर नगर निगम, इस योजना के सफल क्रियान्वयन में कोलकाता, हावड़ा और आसनसोल जैसे बड़े नगर निगमों को भी पीछे छोड़ चुका है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 2018-19 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में आर्थिक मदद देना है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को फील्ड वेरीफिकेशन के बाद 25,000 की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है। विधाननगर नगर निगम के 41 वार्डों में हर वर्ष इस योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार 2018-19 से जून 2025 तक कुल 2,888 लाभार्थियों को 7.22 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। सूत्रों के अनुसार, राजारहाट क्षेत्र के वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, कोइखाली के वार्ड 6 व 7 और चिनारपार्क के पास वार्ड 12 व 13 के निवासियों को सबसे अधिक लाभ मिला है। मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने इसे मुख्यमंत्री की दूरदर्शी योजना की सफलता बताया और कहा कि नगर निगम पूरी गंभीरता से इस योजना को लागू कर रहा है। परियोजना प्रभारी अंशुमान धर ने बताया कि बिधाननगर इस योजना के क्रियान्वयन में राज्य में सबसे आगे है।

## गड़बेता में सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत दो की मौत, 15 घायल

### देर रात काम से घर लौंटते समय पिकअप वैंन को डंपर ने मारी टक्कर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के गड़बेता में देर रात काम से घर लौटते समय एक महिला समेत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि, घटना में 14 से 15 मजदूर घायल हो गए। बताया गया है कि गड़बेता थाने के विभिन्न गांवों के कुल 20 से 25 वेल्डिंग मजदूर वेल्डिंग का काम करने के लिए पिकअप वैन में सवार होकर आरामबाग के कामारपुकुर इलाके में गए थे। वहां दिनभर काम करने के बाद देर रात करीब 2 बजे घर लौटते समय गड़बेता थाना अंतर्गत भाटमारा से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 60 पर मजदूरों से भरी पिकअप वैन में यांत्रिक खराबी आ गई। इसके बाद,




चालक गाड़ी से उतर कर जांच कर रहा था। तभी, अचानक बांकुड़ा से गड़बेता की ओर जा रहे एक डंपर ने पिकअप वैन के पिछले हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप वैन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुजीबर डिगा (58) के रूप में की गई है। वह गड़बेता थाना अंतर्गत बेनाचापरा गांव का निवासी है। इस हादसे में गाड़ी के अंदर बैठी एक महिला मजदूर की भी मौत हो गई। मृतका की पहुंचान मोनिला दुले (40) के रूप में की गई है। वह गड़बेता थाना अंतर्गत आमलागड़ा करकटडांगा गांव की निवासी थी। इसके साथ ही घटना में अन्य 15 से 16 मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने आनन-फानन में उन्हें बचाकर बिष्णुपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया। वहां दो घायलों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया। बाकी का बिष्णुपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को बिष्णुपुर जिला अस्पताल में दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## बारिश के कारण मेट्रो सुरंग में घुसा पानी, सेवाएं हुईं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोमवार सुबह हुई मूसलधार बारिश ने कोलकाता के केंद्रीय एवेन्यू इलाके में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। घुटनों तक भरे पानी ने न केवल सड़कों को डुबो दिया बल्कि सेंट्रल एवेन्यू और चांदनी चौक स्टेशनों के बीच मेट्रो सुरंग में भी पानी प्रवेश कर गया। करीब 8:30 बजे मोटरमैन की सतर्कता से पटरियों पर पानी जमा होने की सूचना तुरंत सेंट्रल कंट्रोल को दी गई। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सुबह 9:05 बजे इस हिस्से में मेट्रो सेवाएं रोक दी गईं। मेट्रो प्रबंधन ने त्वरित कदम उठाते हुए सेवाओं को मैदान से कवि सुभाष और गिरीश पार्क से दक्षिणेश्वर स्टेशनों तक सीमित कर दिया। इंजीनियर और कर्मचारी दल तत्काल मौके पर पहुंचे



और पावर ब्लॉक लेने के बाद मरम्मत का काम शुरू किया। सुरंग से पानी को पंपों की मदद से बाहर निकाला गया और पानी के प्रवेश के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया गया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10:58 बजे मेट्रो सेवाएं दोबारा सामान्य हो सकीं। मेट्रो प्रशासन ने जानकारी दी कि व्यावसायिक समय के बाद रात में इस पूरी घटना की गहन जांच की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## उत्तर 24 परगना में 'स्वास्थ्य साथी' योजना बनी स्वास्थ्य सेवा की मिसाल

❑ **स्वास्थ्य साथी के लाभार्थियों की कुल संख्या लगभग साढ़े 15 लाख**

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना जिले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी योजना 'स्वास्थ्य साथी' ने नया मील का पत्थर छू लिया है। पिछले वित्त वर्ष में इस जिले में दो लाख से अधिक लोगों के इलाज पर राज्य सरकार ने लगभग 251 करोड़ खर्च किए हैं। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि कितने लोग स्वास्थ्य साथी कार्ड के माध्यम से चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा पाए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सत्ता में आने के बाद कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 'स्वास्थ्य साथी' योजना अग्रणी मानी जाती है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार की सबसे वरिष्ठ महिला सदस्य के नाम पर कार्ड जारी किया जाता है। योजना का उद्देश्य राज्यवासियों के इलाज पर आने वाले खर्च को कम करना है। राज्य सरकार सालाना 5 लाख तक के इलाज का खर्च उठाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने का साहस कर पा रहे हैं। स्वास्थ्य साथी कार्ड के जरिये पंजीकृत सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज, जटिल ऑपरेशन, स्त्री रोग, स्नायु रोग जैसी चिकित्सा सेवाएं मिलती हैं। अस्पताल में भर्ती से एक दिन पहले और छुट्टी के बाद पांच दिनों तक की दवाइयां भी पैकेज में शामिल हैं। इतना ही नहीं, अस्पताल से छुट्टी के समय मरीज की घर वापसी का किराया भी सरकार वहन करती है। उत्तर 24 परगना जिले में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना पर खर्च ने लोगों का ध्यान खींचा है। जिले में स्वास्थ्य साथी कार्डधारकों की संख्या करीब साढ़े 15 लाख है। अब तक लगभग 2 लाख 3 हजार मरीजों को चिकित्सा सुविधा दी जा चुकी है, जिस पर 251 करोड़ से अधिक खर्च हुआ है। मार्च के बाद अप्रैल और मई में भी जिले में कई करोड़ रुपये की चिकित्सा सेवा प्रदान की गई है। इस वर्ष करीब 18 हजार नए कार्ड बनाए गए हैं। उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी शरदकुमार द्विवेदी ने कहा कि राज्य सरकार की स्वास्थ्य साथी योजना के तहत जिले के कई लोग इलाज करा रहे हैं और इस पर निगरानी रखने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एलआईसी में साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत बैंक अब एलआईसी के जीवन बीमा उत्पादों की बिक्री करेगा। यह पहल '2047 तक सबके लिए बीमा' लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी। एयू बैंक के 2,456 से अधिक टचपॉइंट्स के जरिये एलआईसी की सेवाएं 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में पहुंचेंगी। बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा कि हमारी संयुक्त ताकत से देशभर के ग्राहकों को बीमा और रिटायरमेंट सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

## डॉ अजीत कुमार जैन सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्थिक समीक्षक, स्तंभकार और मेड्रा फिनवेस्ट के प्रबंध निदेशक डॉ अजीत कुमार जैन को फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन्स ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज इन इंडिया (फैसी) तथा साउथ बेंगल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आईसीसीआर में आयोजित इंटरनेशनल एमएसएमई डे के मौके पर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यूको बैंक के संपदा विभाग के प्रबंधक एम.के.सोनी तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक के पूर्व निदेशक डॉ हिरण्य मुखोपाध्याय ने डॉ



जैन को पुरस्कार प्रदान किया। अपने संबोधन में डॉ जैन ने कहा कि लघु और मझोले उद्योग का विस्तार ही भारत को आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करेगा इसीलिए इस दिशा में गंभीर प्रयासों की जरूरत है। संभावनाशील उद्योगों को आर्थिक सहायता के लिए उनका प्रतिष्ठान हमेशा प्रस्तुत है।

## पाथरप्रतिमा में करंट लगने से अधेड़ की मौत, बचाने गए छोटे भाई की हालत नाजुक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा इलाके में करंट की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई और उनका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का नाम गोबर्धन माइती (68) है, जबकि घायल नारायण माइती (58) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हृदयविदारक घटना गोपालनगर के महेन्द्रनगर गांव में घटी। सोमवार सुबह घर में बिजली की लाइन में कुछ खराबी आ गई थी। उस समय गोबर्धन माइती घर पर ही मौजूद थे और उन्होंने खुद ही खराब तार को ठीक करने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्हें जोरदार करंट



लग गया। दर्दनाक दृश्य देख उनके छोटे भाई नारायण माइती तुरंत उन्हें बचाने दौड़े और जैसे ही उन्होंने गोबर्धन को छुआ, वे भी करंट की चपेट में आ गए। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों भाइयों को बिजली के संपर्क से अलग कर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने गोबर्धन माइती को मृत घोषित कर दिया, वहीं नारायण माइती का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि बारिश की वजह से बिजली के तारों में पानी चला गया होगा, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और यह दुर्घटना घटी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है और पूरे गांव में शोक की लहर है। बरसात के इस मौसम में बिजली से जुड़े उपकरणों और तारों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील प्रशासन की ओर से की गई है।

## हावड़ा अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बने दीपक नखत

**हावड़ा, समाज्ञा :** अणुव्रत समिति हावड़ा की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 29 जून को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सभा की कार्यवाही के उपरांत चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारियों बुधमल लुनिया और लक्ष्मीपत बाफना की देखरेख में पूरी की गई। चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए अधिकारियों ने दीपक नखत को सर्वसम्मति से सत्र 2025-27 के लिए समिति का नया



अध्यक्ष घोषित किया। दीपक नखत को कुल 83 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राकेश धारीवाल को 38 मतों से संतोष करना पड़ा। चुनाव के इस अवसर पर अणुविभा के राष्ट्रीय सहमंत्री पंकज राय सेठिया, राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार मंत्री पंकज दुधोड़िया, कार्यसमिति सदस्य अमरचंद दुगड़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक नखत का पारंपरिक रूप से तिलक और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन और आभार ज्ञापन समिति के मंत्री बिरेंद्र बोहरा ने किया।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 1 सॉल्टलेक में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 1 सॉल्टलेक, में 29 जून को उत्तर 24 परगना जिले के लिए फुटबॉल फॉर स्कूल्स (एफ4एस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय और फीफा के सहयोग से प्रायोजित था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की सरकारी और निजी स्कूलों में कुल 7,351 फुटबॉल वितरित करना था। इसी दिन, फुटबॉल वितरण समारोह विद्यालय परिसर में शुरू हुआ। इस अवसर पर सांसद सामिक भट्टाचार्य, जिला खेल संघ के सहायक सचिव सुमित पाल, विद्यालय के नामित अध्यक्ष और भारतीय तटरक्षक बल के कमांडेंट अशोक कुमार और जवाहर नवोदय विद्यालय बनिपुर के प्रधानाचार्य बिप्लब हावली जैसे विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद सामिक भट्टाचार्य और अन्य




गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यालय की प्राचार्या सबीहा साहिन ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर सांसद सामिक भट्टाचार्य ने फुटबॉल खेल के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के लिए खेल को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर 51 स्कूलों के शारीरिक शिक्षा शिक्षक और छात्रों को कुल 546 फुटबॉल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन हरियाणा विद्यामंदिर और केंद्रीय विद्यालय नं. 1 सॉल्टलेक के बीच खेले गए एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच के साथ हुआ।

## माता प्रथम एवम् पिता द्वितीय गुरु हैं : प्रभाकर कृष्ण महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्संग भवन में वृन्दावन - मथुरा से पधारे भागवताचार्य प्रभाकर कृष्ण महाराज ने अपने आशीर्वचन में श्रद्धालु भक्तों को जीवन में मर्यादित आचरण, सत्संग की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा माता प्रथम एवम् पिता द्वितीय गुरु हैं। संसार भवसागर है। भवसागर को पार करने के लिये गुरु नौका है। मोक्ष प्राप्ति के लिये आत्मा और परमात्मा के मध्य में गुरु का सानिध्य जरूरी है। सत्संग में गुरु के बताए मार्ग का जीवन में अनुसरण करना चाहिये। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा ने



श्रद्धालु भक्तों से 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा में उपस्थित रह कर अक्षय पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया।

## हेरिटेज ग्रुप ने योग दिवस पर समग्र कल्याण और भारतीय परंपरा के प्रति संकल्प जताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, कोलकाता ने 21 जून को अपने हरे-भरे परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और समर्पण के साथ किया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रबंधन ने मिलकर योग की प्राचीन भारतीय परंपरा का उत्सव मनाया। इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग संस्था की उस दृष्टि को दर्शाता है जिसमें शिक्षा को केवल अकादमिक सफलता तक सीमित न रखते हुए भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास को भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह एक संगठित योग सत्र से हुई जिसे प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों ने संचालित किया। इस सत्र में पारंपरिक योगासन, प्राणायाम और ध्यान शामिल था और इसमें 500 से अधिक



प्रतिभागियों ने भाग लेकर अनुशासन और सामूहिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्थान के सीईओ प्रदीप अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद् भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री अग्रवाल ने कहा कि योग एक जीवनशैली है जो सहनशीलता, करुणा और स्पष्टता को बढ़ावा देती है तथा सच्ची शिक्षा तन, मन और आत्मा का संतुलित विकास है। कार्यक्रम में योग के इतिहास पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और छात्र नेताओं ने योग से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन सभी द्वारा स्वस्थ आदतें और मानसिक संतुलन अपनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। संस्थान ने शिक्षा में समग्र विकास और कल्याण को प्राथमिकता देने के अपने संकल्प को फिर दोहराया।

## हावड़ा स्टेशन पर बड़े पैमाने पर टिकट जांच अभियान, 1,485 अनियमित यात्रियों पर कार्रवाई

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 28 जून 2025 को हावड़ा स्टेशन पर एक व्यापक टिकट जांच अभियान चलाकर बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ और टिकटविहीन यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन के दिशा-निर्देशन में और सहायक वाणिज्य प्रबंधक की देखरेख में किया गया। जांच अभियान में 91 टिकट परीक्षकों और 6 टिकट निरीक्षकों की टीमें लगाई गईं, जिन्होंने प्लेटफॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया में व्यापक स्तर पर जांच की। इस दौरान 1,485 मामलों में टिकट अनियमितता पकड़ी



गई, जिनमें 1,196 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। रेलवे ने इन मामलों में किराया और जुर्माने के रूप में 6,53,635 की वसूली की। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों में नियमों का पालन सुनिश्चित करने और रेलवे राजस्व की सुरक्षा के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## पार्सल सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय रेल का बड़ा कदम, तेज और किफायती सेवा पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल ने देश भर में छोटे माल की त्वरित और कुशल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए अपनी पार्सल ट्रेन सेवाओं को और सुदृढ़ किया है। आवश्यक वस्तुओं की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत, रेलवे पार्सल ट्रेनों के माध्यम से फलों, सब्जियों, दवाओं, घरेलू सामान और मशीनरी जैसे हल्के माल की समयबद्ध और भरोसेमंद ढुलाई कर रही है, जबकि भारी माल की ढुलाई मालगाड़ियों के माध्यम से की जाती है। रेलवे द्वारा संचालित पार्सल ट्रेनें हवाई मार्ग के बाद सबसे तेज अंतरराज्यीय परिवहन विकल्प मानी जाती हैं, जो न केवल किफायती हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल और व्यापक रूप से सुलभ भी हैं। देश के कोने-कोने को जोड़ने वाला भारतीय रेल नेटवर्क लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की रीढ़ की भूमिका निभा रहा है और इससे समावेशी आर्थिक विकास को बल मिल रहा है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चितपुर और पटेल नगर के बीच द्विसाप्ताहिक पार्सल एक्सप्रेस सेवा शुरू की गई है। ट्रेन संख्या 00441 चितपुर-पटेल नगर हर रविवार और सोमवार रात 00:10 बजे चितपुर से रवाना होती है, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 00442 पटेल नगर-चितपुर हर गुरुवार और शुक्रवार रात 23:30 बजे पटेल नगर से चलती है। लगभग 40 घंटे की यात्रा अवधि के साथ यह सेवा छोटे पार्सलों की तेज, विश्वसनीय और सुलभ ढुलाई के लिए एक प्रभावशाली विकल्प प्रदान करती है। रेलवे ने ग्राहकों के लिए दोतरफा बुकिंग पर विशेष छूट भी उपलब्ध कराई है।

## पीआईबी कोलकाता में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन, स्वच्छता को बताया गया राष्ट्र निर्माण की नींव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पत्र सूचना कार्यालय (पी.आई.बी.), कोलकाता द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का समापन समारोह धर्मतल्ला स्थित कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोलकाता प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राज मिठौलिया मुख्य अतिथि के



रूप में उपस्थित रहे। मिठौलिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब समाज का हर व्यक्ति गंभीरता से इसमें भाग ले। उन्होंने स्वच्छता को आत्मबल व पर्यावरण संरक्षण का आधार बताते हुए कहा कि यह केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता को ईश्वर के बराबर माना था और जनता से जीवनभर साफ-सफाई को अपनाने की अपील करते रहे। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान की बढ़ती स्वीकार्यता और प्रभावशीलता की सराहना की। पीआईबी कोलकाता की अतिरिक्त महानिदेशक सुश्री जेन नामचू ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से करनी होगी। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि प्रचार के बावजूद सफाई के प्रति अपेक्षित गंभीरता अब भी नजर नहीं आती। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वच्छता को व्यवहारिक रूप में अपनाने और इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की। सहायक निदेशक सैकत सरकार और मीडिया व संचार विभाग के अधिकारी मोहम्मद सिकंदर अंसारी ने भी अपने विचार रखते हुए प्रधानमंत्री की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कहा कि यह अभियान देश की छवि और स्वास्थ्य दोनों से जुड़ा है। कार्यक्रम में पीआईबी के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# बारिश से कोलकाता के कई इलाके हुए जलमग्न, ट्रैफिक संचालन में आई कठिनाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** कुछ घंटों की बारिश ने एक बार फिर महानगर कोलकाता की निकासी व्यवस्था की पोल सोमवार को फिर खोल दी। कोलकाता समेत राज्य के अधिकांश जिलों में लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ। खबर के लिखे जाने तक बारिश की वजह से कोलकाता का एक बड़ा इलाका पानी में डूबा हुआ ता। आरएन मुखर्जी रोड, महात्मा गांधी रोड से सटे पूर्वी रोड और बिबादी बाग के कई हिस्सों में छिटपुट पानी जमा हो गया है। बता दें कि सुबह भारी बारिश के चलते कोलकाता के मध्य इलाके की कई मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं। शहर में रविवार की देर रात से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। सेंट्रल एवेन्यू, एमजी रोड और ठनठनिया कालीबाड़ी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में पानी भरने के कारण सुबह ऑफिस, स्कूल और कॉलेज जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस ने जानकारी दी है कि शहर की कोई भी सड़क पूरी तरह बंद नहीं की गई है। हालांकि, एमजी रोड, ठनठनिया कालीबाड़ी और अमहर्स्ट स्ट्रीट के कुछ हिस्सों में पानी जमा होने से वाहनों की गति धीमी है। पुलिस का कहना है कि धीरे-धीरे जल निकासी हो रही है और जल्द ही हालात सामान्य होने की उम्मीद है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम और प्रशासन पर नाराजगी जताई है। बारिश और जलजमाव के कारण शहर की रफ्तार पर ब्रेक जरूर लगा है, लेकिन प्रशासन का दावा है कि जल निकासी का काम तेज़ी से चल रहा है और जल्द ही स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी। पोर्ट अंचल सहित आर्महर्स्ट स्ट्रीट के केशवचंद्र स्ट्रीट के कई हिस्से भी जलमग्न हो गए, जिससे भारी यातायात और यात्रियों को असुविधा होती रही।

## भारी बारिश के आसार, मछुआरों को समुद्र में जाने की मनाही

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा निम्नचाप पूरे राज्य में भारी से अति भारी बारिश लेकर आ रहा है। मौसम विभाग ने मंगलवार तक भारी बारिश और समुद्र में लहरों की चेतावनी जारी की है। साथ ही, समुद्र में मछुआरों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। अलीपुर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बना यह गहरा निम्नचाप फिलहाल बांग्लादेश और गंगेय पश्चिम बंगाल पर सक्रिय है। यह धीरे-धीरे पश्चिम और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए ओड़िशा और झारखंड तक जाएगा। इसके साथ ही एक ट्रफ रेखा भी राजस्थान तक फैली हुई है जो इस मौसमी सिस्टम को और सक्रिय बना रही है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार से मंगलवार तक भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया और बांकुड़ा में बारिश का प्रभाव अधिक रहेगा। दक्षिण बंगाल में पूरे दिन बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। उत्तर बंगाल में भी सोमवार से बुधवार तक कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार हैं। लगभग सभी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार से फिर बारिश बढ़ने की चेतावनी दी है। मौसम की इस स्थिति को देखते हुए बंगाल और ओड़िशा तट के मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। यह प्रतिबंध मंगलवार तक लागू रहेगा।

## आरजी कर पीड़िता के परिवार ने घटनास्थल देखने की अनुमति पर सियालदह अदालत में की याचिका दायर



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद पीड़िता डॉक्टर छात्रा के परिवार ने अब घटनास्थल को देखने की अनुमति मांगते हुए सियालदह अदालत में याचिका दायर की है। इससे पहले परिवार ने इसी मांग को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि इस विषय पर निर्णय लेने का अधिकार निचली अदालत को है और निर्देश दिया कि परिवार सियालदह अदालत में आवेदन करे। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने अपने आदेश में कहा था कि निचली अदालत को इस मामले में 48 घंटे के भीतर निर्णय लेना होगा। साथ ही, यदि अनुमति दी जाती है तो घटनास्थल पर कितने लोग उपस्थित रह सकते हैं, इसका निर्धारण भी वही अदालत करेगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद, सोमवार को पीड़िता के माता-पिता अपने वकील के साथ सियालदह अदालत पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने की अनुमति मांगी। अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है और इस पर सुनवाई अगले सोमवार को निर्धारित की गई है।

# संदेशखाली में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या मामले में सीबीआई जांच के आदेश

### हाई कोर्ट का केंद्रीय एजेंसी को एसआईटी गठित करने के निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में छह साल पहले हुई तीन हत्याओं की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। आरोप है कि 2019 में तीनों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की गई थी। इस घटना में तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शाहजहां शेख भी शामिल था। हाई कोर्ट के जस्टिस जय सेनगुप्ता ने तीनों हत्या मामलों की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए सीबीआई को विशेष जांच दल (एसआइटी) बनाने का भी निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आठ जून, 2019 को संदेशखाली निवासी प्रदीप मंडल, देवदास मंडल और सुकांत मंडल की हत्या हुई थी। तीनों मृतक भाजपा कार्यकर्ता थे। उस हत्याकांड की शुरुआती चार्जशीट में शाहजहां का नाम था, लेकिन बाद में जब सीआइडी ने जांच अपने हाथ में ली तो उसका नाम चार्जशीट से हटा दिया गया, ऐसा परिवार का दावा है। इतना ही नहीं, 2022 में एक अन्य हत्या के मामले की चार्जशीट में भी शाहजहां का नाम आया था। लेकिन बाद में उसे उस मामले में जमानत मिल गई थी। आरोप है कि जून 2019 में संदेशखाली के भंगीपारा इलाके में रहने वाले प्रदीप मंडल के घर पर हथियारबंद बदमाशों के एक समूह ने हमला किया था। प्रदीप परिवार का बड़ा बेटा था। परिवार का आरोप है कि जान बचाने के लिए वह भागने की कोशिश की तो गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने प्रदीप के चचेरे भाई सुकांत के घर पर भी हमला किया। कथित तौर पर उसे भी उसी तरह गोली मार दी गई थी। उस समय संदेशखाली के एक अन्य निवासी देवदास मंडल की भी कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। 2024 की शुरुआत में, राशन घोटाले की जांच के दौरान ईडी के अधिकारी और अर्धसैनिक बल के जवान शाहजहां के घर पहुंचा था। बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी ओर, ईडी द्वारा उन पर हमला करने का आरोप लगने के कुछ दिनों बाद ही संदेशखाली में स्थानीय लोगों का एक बड़ा वर्ग शाहजहां और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ उठ खड़ा हुआ। शाहजहां और उसके साथियों पर इलाके के कई लोगों की कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने, कब्जे वाली जमीन पर मछली पालन के लिए तालाब बनाने और तालाबों के लिए लीज का पैसा न चुकाने जैसे कई आरोप लगे थे। साथ ही स्थानीय महिलाओं पर अत्याचार के आरोप भी सामने आए थे। आरोप सामने आते ही भाजपा समेत विपक्षी दल विरोध में सड़कों पर उतर आए थे। उस माहौल में तृणमूल कांग्रेस ने भी शाहजहां को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## शराब पार्टी में हत्या के मामले दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा

### ट्रेन में हत्या के प्रयास के मामले में एक को उम्रकैद



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा की एक कोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में एक ही दिन तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक मामला हावड़ा जीआरपी ने दर्ज किया था। आरोप है कि रात की लोकल ट्रेन में डकैती रोकने पर एक महिला यात्री की धारदार हथियार से हत्या करने की कोशिश की गई। कोर्ट ने इसमें मुख्य आरोपित को दोषी पाया। सोमवार को जज ने उसे आजीवन कारावास का आदेश दिया। दूसरा मामला सांकराइल थाने का है। वहां एक युवक की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में भी दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

ट्रेन में डकैती और धारदार हथियार से हत्या के प्रयास की यह घटना 23 नवंबर 2018 को हुई थी। हावड़ा-बंडेल लोकल रात 10:20 बजे प्लेटफार्म नंबर तीन से रवाना हुई ही थी। अचानक सबर अली उर्फ गुड्डू चलती ट्रेन में महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में घुस गया। उसने एक महिला यात्री की सोने की अंगूठी और मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर उसने धारदार हथियार से महिला पर कई वार किए। खून से लथपथ महिला मदद के लिए चिल्लाने लगी। यह देख डिब्बे में बैठे अन्य यात्री भी चीखने लगे। ट्रेन टिकियापाड़ा स्टेशन के पास रुकी। बदमाश ने भागने की कोशिश की। लेकिन ड्यूटी पर मौजूद आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया। सोमवार को सरकारी वकील अशोक साहा ने कहा कि सारे सुबूतों के मुताबिक पंचम अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार पंडा ने 26 जून को आरोपित को दोषी करार दिया था। दूसरे मामले में आरोपित को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सोमेश प्रसाद सिन्हा ने दोषी करार दिया था। सरकारी वकील अरिंदम मुखर्जी ने कहा कि नौ नवंबर 2022 को सांकराइल में बिस्मिल्ला खान नाम के शख्स को घर से बुलाकर शराब पिलाने के बाद ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस घटना में साबिर नस्कर और नजरुल मोल्ला नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पता चला कि बिस्मिल्ला का साबिर की बेटी से संबंध था। जिसे साबिर स्वीकार नहीं कर सका। इसी कारण यह हत्या हुई।

## दुष्कर्म मामले में पद्मश्री कार्तिक महाराज को थाने में आज हाजिर होने के लिए पुलिस ने भेजा नोटिस



**मुर्शिदाबाद :** पद्मश्री से सम्मानित भारत सेवाश्रम संघ के सन्यासी स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज उर्फ कार्तिक महाराज को मुर्शिदाबाद जिले के नवग्राम थाने की पुलिस ने दुष्कर्म और जबरन गर्भपात के मामले में थाने में पेश होने का नोटिस जारी किया है। सोमवार को पुलिस बेलडांगा स्थित भारत सेवाश्रम संघ के कार्यालय गई थी। उस समय पद्मश्री से सम्मानित महाराज आश्रम में नहीं थे। ऐसे में थाने के आईसी ने आश्रम के एक प्रतिनिधि को नोटिस दिया। बता दे कि थाने में कार्तिक महाराज के खिलाफ यौन संबंध बनाने, धोखाधड़ी करने और वादा कर जबरन गर्भपात कराने की शिकायत दर्ज कराई गई है। इस संबंध में उनसे पूछताछ की जाएगी। इसलिए नोटिस में उन्हें एक जुलाई मंगलवार को नवग्राम थाने में पेश होने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि कार्तिक महाराज के खिलाफ हाल ही में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, 2013 में कार्तिक महाराज उसे काम का वादा कर मुर्शिदाबाद के नवग्राम थाना क्षेत्र के चाणक्य इलाके में एक आश्रम में प्राथमिक विद्यालय में ले गए। वहां उसे शिक्षिका के तौर पर नियुक्त किया गया। उसे स्कूल में रहने के लिए एक कमरा भी दिया गया। एक रात अचानक महाराज वहां आ गए। उन्होंने उसके सामने शारीरिक संबंध बनाने का प्रस्ताव रखा। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे इसे स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया। उसने आगे आरोप लगाया कि इसके बाद उसे तमाम बार शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। यहां तक कि जब वह गर्भवती हो गई, तो उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। उधर, उक्त मामले के आरोपी कार्तिक महाराज पहले ही सभी आरोपों से इनकार कर चुके हैं। सोमवार को पुलिस के नोटिस के बारे में कार्तिक महाराज ने कहा कि उनका लीगल सेल पूरे मामले को देख रहा है। वह व्यक्तिगत तौर पर कुछ नहीं कहेंगे।

## कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामला : हुगली में भाजपा ने किया प्रदर्शन, ममता का मांगा इस्तीफा



**हुगली, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा थाना क्षेत्र में स्थित एक लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश फैला दिया है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राज्यभर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में, हुगली के पांडुआ, चुंचुड़ा, सिंगुर, बालागढ़, श्रीरामपुर और अन्य क्षेत्रों में सड़कों को जाम किया गया, टायर जलाए गए और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर के साथ हुई हालिया घटना के बाद अब छात्रा के साथ कॉलेज परिसर में दुष्कर्म ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें कुछ सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। एक आरोपी के पूर्व बैचमेट ने खुलासा किया कि वह पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और छात्रसंघ द्वारा कॉलेज कार्यक्रमों से प्रतिबंधित था। पुलिस जांच जारी है।

# पुलिस कर्मियों के घर को बनाया निशाना, लाखों की चोरी के बाद चोरों ने लगाई आग



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब चार पुलिसकर्मियों के एक ही परिवार के घर में चोरी और आगजनी की गंभीर घटना सामने आई। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने के गहनों और नकदी पर हाथ साफ किया, और फरार होने से पहले घर में आग भी लगा दी। कोटाल परिवार, जो वर्षों से मुंशीहाट के धसा जेलेपाड़ा में रह रहा है, इलाके में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाना जाता है। इस परिवार के चार सदस्य, शुभाशीष कोटाल (राज्यपाल कार्यालय में सुरक्षा कर्मी), परिमल कोटाल (गोघाट थाने में कांस्टेबल), सजल कोटाल (बजबज फाड़ी में कांस्टेबल) और उज्ज्वल कोटाल (उदयनारायणपुर थाने में होमगार्ड)- पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। घटना रविवार देर रात की है, जब पूरा परिवार दक्षिण 24 परगना के बजबज में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान चोरों ने परिमल कोटाल के घर को निशाना बनाया। उन्होंने अलमारी तोड़कर लगभग चार लाख रुपये मूल्य के गहने और करीब 30,000 रुपये नकद चुरा लिए। जाते-जाते उन्होंने केरोसिन डालकर घर में आग भी लगा दी, जिससे कई जरूरी दस्तावेज और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। खबर मिलते ही जगतबल्लभपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों को पहले से यह जानकारी थी कि उस रात घर खाली रहेगा, इसलिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया। खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

## कालीगंज के मोलंडी गांव से सॉकेट बम से भरी दो बाल्टी और दो बैग बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कालीगंज के मोलंडी गांव से सॉकेट बम से भरी दो बाल्टी और दो बैग बरामद किए गए। सोमवार को सीपीआईएम नेता बिमान बसु की सभा से पहले बमों की बरामदगी से इलाके में हड़कंप मच गया। दरअसल, इस दिन, सुबह में मोलंडी गांव के निवासियों ने पुलिस को संदिग्ध चीजों की सूचना दी। ये विस्फोटक जूट के खेतों, बांस की झाड़ियों और जंगलों में छिपाए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस आई और बम बरामद किए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। पूरे गांव में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने कहा है कि गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच चल रही है।

## हिंदी साहित्य अकादमी, बंगाल संभाग की मासिक काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदी साहित्य अकादमी, बंगाल संभाग की सातवीं मासिक काव्य गोष्ठी 29 जून को पैराडाइज पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता चित्रा रॉय श्रीकृष्णवी ने की और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र रहे। गोष्ठी का संचालन आदरणीय जय कुमार रुसवा ने कुशलता से किया। काव्य गोष्ठी में अनेक कवि और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों में विजय इस्सर, डॉ मनोज कुमार मिश्र, रंजना झा, भारती मिश्रा, प्रणति ठाकुर, रूपम महतो, विश्वजीत शर्मा सागर, कमल पुरोहित अपरिचित, संदीप जैन, पुनीत अग्रवाल, अश्विनी कुमार झा और विश्वजीत कुमार ठाकुर सहित अन्य साहित्यप्रेमी शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन विश्वजीत शर्मा सागर द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद गीत के साथ हुआ।

## बैरकपुर में घर से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बैरकपुर के पूर्व रवींद्रपल्ली इलाके में एक घर से युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से काफी हंगामा हुआ। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी मौत कैसे हुई? इसका पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, प्रारंभिक तौर पर पुलिस को संदेह है कि यह घटना अत्यधिक शराब पीने के कारण हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान कुणाल चक्रवर्ती (33) के रूप में की गई है। उसके पिता की मौत हो गई और उसकी बहन की शादी हो गई। तब से युवक घर में अकेला रहता था। स्थानीय व पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, कुणाल नशे का काफी आदी था। इसी वजह से उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। करीब तीन महीने पहले उसे छोड़ा गया था। इसके बाद, कुछ दिनों तक बहन के पास रहने के बाद युवक अपने पूर्व रवींद्रपल्ली स्थित अपने पुश्तैनी घर में रहने लगा। पड़ोसियों ने बताया कि उसे आखिरी बार करीब पांच दिन पहले देखा गया था। रविवार की शाम को पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आने लगी। इससे शक हुआ। बाद में, उसी दिन कुणाल का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि शुरुआती आशंका है कि युवक की मौत किसी शारीरिक बीमारी के कारण हुई है। शव पर चोट के कोई निशान नहीं थे और घर का दरवाजा अंदर से बंद था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## हावड़ा नगर निगम ने निकाली डेंगू जागरूकता रैली



**हावड़ा, समाज्ञा :** डेंगू विजय अभियान के तहत हावड़ा नगर निगम द्वारा सोमवार एक भव्य जागरूकता जुलूस का आयोजन किया गया। यह सुसज्जित रैली शैलेन मन्ना स्टेडियम से आरंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई। इस रैली में निगम कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में पोस्टर, बैनर और तख्तियां लेकर डेंगू से बचाव के उपायों का संदेश दिया। कार्यक्रम में हावड़ा नगर निगम की प्रशासक मंडली के चेयरमैन सुजय चक्रवर्ती, निगम आयुक्त वंदना पोखरियाल, प्रशासक मंडली के सदस्य देवांग्शु दास, रियाज अहमद और अनुप चक्रवर्ती उपस्थित रहे। अधिकारियों ने डेंगू की रोकथाम के लिए सामूहिक जागरूकता को जरूरी बताया और नागरिकों से साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की।

## अवैध क्रॉसिंग से गुजरते ट्रक की सियालदह-कैनिंग लोकल से टक्कर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह (दक्षिण) खंड पर सोमवार को सोनारपुर और चंपाहाटी स्टेशनों के बीच एक ट्रक अवैध मार्ग से गुजरते समय 34542 डाउन सियालदह-कैनिंग लोकल ट्रेन से टकरा गया। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अवरोध को हटाने का काम शुरू किया। ट्रैक को 19:49 बजे तक साफ कर दिया गया और प्रभावित लोकल ट्रेन ने 19:57 बजे अपनी यात्रा दोबारा शुरू कर दी गई। इस घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। पूर्व रेलवे ने एक बार फिर जनता और सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा और रेल सेवाओं के सुचारु संचालन के लिए केवल अधिकृत लेवल क्रॉसिंग, रोड अंडर ब्रिज या रोड ओवर ब्रिज का ही उपयोग करें। रेलवे ने यह भी बताया कि सभी अवैध क्रॉसिंग को हटाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## हावड़ा के वार्ड 17 में रक्तदान शिविर



**हावड़ा, समाज्ञा :** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर हावड़ा नगर निगम के वार्ड 17 में भाजपा की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद अनिता सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद संजय सिंह की अगुवाई में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। कोलकाता नगर निगम के पार्षद विजय ओझा, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह समेत प्रदेश व जिला के कई नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। अमरजीत सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, अभिषेक गुप्ता, संतोष साव, गयाप्रसाद साव, संदीप उपाध्याय (डीएम) एवं अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संजय सिंह ने सभी का हार्दिक स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर भाजपा के हावड़ा सदर जिला अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य ने सभी का हौसला बढ़ाया। हावड़ा नगर निगम के पूर्व मेयर डॉ. रथीन चक्रवर्ती, हावड़ा रेड क्रास सोसाइटी के सचिव डॉ. सुजय पालित, लालमणि मिश्रा व अन्य ने अतिथि के तौर पर शोभा बढ़ाई।

## जलपाईगुड़ी में नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सश्रम कारावास



**जलपाईगुड़ी :** एक बार फिर राज्य में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने सख्त कार्रवाई की है। मामला भक्तिनगर थाना इलाके की है। उक्त मामले में जलपाईगुड़ी विशेष पॉक्सो कोर्ट के नाबालिग दुष्कर्म के आरोपित को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि 29 मई 2023 को नाबालिग की मां ने भक्तिनगर थाने में उसकी बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि एक नाबालिग जब ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी तो इलाके के एक लोग जो राजमिस्त्री का काम करता था। वह अपहरण कर उसकी बेटी को अपने एक रिश्तेदार के घर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। बाद में, वह उसे खाली गोदाम में छोड़कर भाग गया। शिकायत के आधार पर आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लंबे कानूनी प्रकिया के बाद न्यायाधीश रिंटू सूर ने नौ गवाहों की गवाही के आधार पर आरोपित को आरोपित को दोषी पाया। जिसके बाद सोमवार को आरोपित को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। आरोपित पर 50 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही न्यायाधीश ने जिला विधिक सहायता परिषद को पीड़ित को पांच लाख रूपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## कल्याणी में बारबेक्यू नेशन का नया स्टोर शुरू, ग्राहकों को मिलेगा शानदार भोजन अनुभव



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी कैजुअल डाइनिंग रिटेल चेन बारबेक्यू नेशन ने पश्चिम बंगाल के शिक्षा केंद्र कल्याणी में अपने नए फ्लैगशिप स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। यह नया स्टोर तीसरी मंजिल, पैंटालून्स के ऊपर, घोषपाड़ा रोड, आईटीआई मोड़ पर स्थित है और सोमवार को जनता के लिए खुल गया है। स्टोर में निश्चित कीमत पर स्वादिष्ट भोजन और पेय पदार्थों की असीमित सेवा उपलब्ध होगी। करीब 3,200 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले इस स्टोर की बैठने की क्षमता 108 है और इसे आधुनिक और जीवंत वातावरण के साथ डिजाइन किया गया है। यहां तंदूरी पनीर टिक्का, हरियाली कबाब, चिकन बिरयानी, शेजवान चिकन फ्राइड राइस, फिरनी, चॉकलेट पेस्ट्री और पानीपुरी जैसे शाकाहारी व मांसाहारी व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला परोसी जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक सुमन मुखर्जी ने कहा कि कंपनी पश्चिम बंगाल में अपने विस्तार को लेकर उत्साहित है और बेहतरीन आतिथ्य देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डोमकल में भारी मात्रा में आग्नेयास्त्रों के साथ हथियार डीलर गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** पुलिस ने भारी मात्रा में आग्नेयास्त्रों के साथ एक हथियार डीलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे रविवार की रात छापेमारी के दौरान मुर्शिदाबाद के डोमकल के पश्चिम कुचियामोरा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। आरोपी का नाम अरब अली उर्फ बदर है। वह पश्चिम कुचियामोरा का निवासी है। गोपनीय स्रोत से मिली सूचना के आधार पर डोमकल थाने के आईसी पार्थसारथी मजूमदार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने रविवार की रात पश्चिम कुचियामोरा में छापेमारी की। बाद में, पुलिस ने हथियार डीलर को गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 1 लंबी दूरी की तीन-तीन देशी बंदूक, 2 लंबी दूरी की 12 बोर की देशी बंदूक, 1 उच्च गुणवत्ता वाली घरेलू 7 एमएम पिस्तौल की मैगजीन के साथ चार राउंड जिंदा गोलियां बरामद की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बंदूक कहां से लाया गया, वह कहां जाता था और उसके साथ कोई और भी शामिल है या नहीं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान में सीमा के पास 60 किलो से अधिक हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 60 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू कश्मीर के तस्करों, मानव तस्करों और हवाला कारोबारियों सहित कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मादक पदार्थ गिरोह का संचालन पाकिस्तान के तस्कर तनवीर शाह और कनाडा के तस्कर जोबन कलर द्वारा स्थानीय सरगना गुरसाहिब सिंह की मदद से किया जा रहा था, जो गोइंदवाल साहिब जेल में बंद था, लेकिन मोबाइल फोन का उपयोग करके अंदर से नेटवर्क चलाता रहा था।

### 100 किलो से अधिक गांजा जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पुलिस ने 100 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद कर तस्कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जब्क किये गये मादक पदार्थ की कीमत करीब 50 लाख रुपये है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंझनपुर थानाक्षेत्र के ग्राम देवखरपुर निवासी आकाश मौर्य के घर से बिलासपुर (छत्तीसगढ़) निवासी राजेंद्र भोई, अमर ठाकुर व शिवम कश्यप और फतेहपुर निवासी सोनू मौर्य को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इन लोगों के कब्जे से 100 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार और एक हुंडई वेन्यू कार भी बरामद की गई है।

### बिहार की राजनीति में पसमांदा मुसलमानों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे: भाजपा

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी आने वाले समय में राज्य की राजनीति में 'पसमांदा मुसलमानों' की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। पसमांदा मुसलमानों को राज्य की राजनीति में शामिल करने की घोषणा इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले की गई। पसमांदा मुसलमान बिहार की कुल मुस्लिम आबादी में 70 प्रतिशत से अधिक हैं। पसमांदा में पिछड़े, दलित और आदिवासी मुसलमान शामिल हैं। जायसवाल ने समुदाय के नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'बिहार में हमेशा मुसलमानों के नाम पर राजनीति की जाती रही है लेकिन पसमांदा मुसलमानों के उत्थान के लिए कभी कोई वास्तविक प्रयास नहीं किया गया। भाजपा आने वाले समय में राज्य की राजनीति में पसमांदा मुसलमानों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी।'

### मुजफ्फरनगर में फ्लाईओवर से कार गिरने से गुजरात के चार तीर्थयात्रियों की मौत

**मुजफ्फरनगर :** मुजफ्फरनगर जिले में खटीमा-पानीपत राजमार्ग पर फ्लाईओवर से कार गिरने से गुजरात के चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार के अनुसार, यह दुर्घटना चपर थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा के पास हुई। तीर्थयात्री कार से केदारनाथ जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि वाहन अनियंत्रित हो गया और फ्लाईओवर से नीचे खेतों में जा गिरा। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान भरत (22), अमित (24), करण (26) और विपुल (21) के रूप में हुई है। ये सभी गुजरात के गांधीनगर के तारापुर से थे। पुलिस ने बताया कि पांचवां यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

# जानवर 'जीवन धन' हैं, 'पशु' शब्द का इस्तेमाल ठीक नहीं: राष्ट्रपति मुर्मू



**बरेली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि जानवरों के लिये 'पशु' शब्द का इस्तेमाल करना 'ठीक नहीं है'। मुर्मू ने जानवरों को 'जीवन धन' करार दिया। राष्ट्रपति ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, जानवरों के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए 'पशु' शब्द ठीक नहीं लगता। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। पशुओं से हमारे देवताओं और ऋषि-मुनियों का संवाद होता है। यह मान्यता भी इस सोच पर आधारित है। भगवान के कई अवतार भी इसी विशिष्ट श्रेणी में हैं। मुर्मू ने जैव विविधता के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि आईवीआरआई जैसी संस्थाओं से अपील है कि वे जैव विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं और आदर्श प्रस्तुत करें। उन्होंने अपने बचपन की किस्सों का उदाहरण देते हुए कहा, 'हम जब छोटे थे तब बहुत सारे गिद्ध थे, लेकिन आज गिद्ध लुप्त हो गए हैं।' मुर्मू ने कहा, 'मुझे लगता है कि गिद्ध के विलुप्त होने के पीछे पशु चिकित्सा में इस्तेमाल होने वालीं रासायनिक दवाओं की भूमिका है। बहुत सारे कारणों में यह भी एक कारण है। ऐसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाना गिद्धों के संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है।' उन्होंने दवाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए वैज्ञानिकों के प्रति आभार जताया और कहा, 'कई प्रजातियां विलुप्त हो रहीं हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। इन प्रजातियों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत ही आवश्यक है। आईवीआरआई जैसे संस्थाओं से अपील है कि वे जैव विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं और आदर्श प्रस्तुत करें।'

## यूपी, बिहार और नेपाल के 12 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा है गोरखपुर एम्स : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि गोरखपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार और नेपाल के भी एक बड़े हिस्से को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराता है। उन्होंने दावा किया कि करीब 12 करोड़ की आबादी अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिये गोरखपुर स्थित एम्स पर निर्भर है। आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मौजूदगी में गोरखपुर स्थित एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, जब मैं गोरखपुर के एम्स की बात करता हूं तो यह पूर्वी उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर बिहार और नेपाल के भी एक बड़े भूभाग को भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा, पटना और लखनऊ के बीच काशी हिंदू विश्वविद्यालय को छोड़ दें तो एम्स के अलावा कोई भी इस प्रकार का कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं है।



### विश्वविद्यालय सुनिश्चित करें कि उनके शोध से किसानों और अन्य जरूरतमंद वर्गों को लाभ मिले: राज्यपाल

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को अनुसंधान व नवाचार समाज की जरूरतों के अनुसार करना चाहिए ताकि इनसे महिलाओं, किसानों और अन्य जरूरतमंद वर्गों की समस्याओं को सुलझाने में मदद मिल सके।

## यूपी: मंत्री ने अनधिकृत नीली बत्ती लगे वाहनों पर जुर्माना लगाने का आग्रह किया

**लखनऊ/वाराणसी :** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सोमवार को वाराणसी के अपने दौरे के दौरान अनधिकृत रूप से नीली बत्ती लगी गाड़ी का उपयोग करने से इनकार कर दिया और पुलिस को मामले की सूचना देकर उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल को पत्र लिखकर उल्लंघन को उजागर किया है। पत्र की एक प्रति 'पीटीआई-भाषा' के पास है। पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण ने अनधिकृत रूप से लगी नीली बत्ती की जानकारी होने पर वाहन का उपयोग करने से इनकार कर दिया। वाराणसी के पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में अरुण ने कहा, सूचित किया जाता है कि 30 जून को वाराणसी आगमन के अवसर पर मेरे उपयोग के लिए एक वाहन की व्यवस्था की गई थी। चूंकि वाहन में अनधिकृत बत्ती लगी हुई थी, इसलिए मैंने उसका उपयोग नहीं किया। मंत्री ने पत्र में टोयोटा इनोवा की तस्वीर के साथ उसका विवरण साझा करते हुए कहा, कृपया सुनिश्चित करें कि इस वाहन के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करने के लिए चालान जारी किया जाए। मंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र कुमार शास्त्री की 94वीं जयंती के अवसर पर भुल्लनपुर के कबीर इंटर कॉलेज ग्राउंड में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास समिति द्वारा आयोजित स्वाभिमान सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाराणसी गए थे।

## आज का राजनीतिक माहौल भारतीय लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं: धनखड़

**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि आज का राजनीतिक माहौल भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में राजस्थान प्रगतिशील मंच द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में धनखड़ ने कहा कि आज राजनीतिक आदान-प्रदान की तीव्रता और लहजा देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक ताने-बाने के लिए हानिकारक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह दबाव में नहीं आते और न ही किसी पर दबाव डालते हैं। उन्होंने कहा, 'आज की राजनीति का माहौल और तापमान न तो हमारे लोकतंत्र के लिए उपयुक्त है और न ही हमारे प्राचीन सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी दुश्मन नहीं होते। सीमा पार दुश्मन हो सकते हैं, लेकिन देश के भीतर कोई दुश्मन नहीं होना चाहिए।' उन्होंने विधायी आचरण में अधिक शालीनता का आह्वान किया तथा आगाह किया कि सदन के अंदर जनप्रतिनिधियों के आचरण के चलते जनता में असंतोष पैदा होने से लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास खत्म हो सकता है।




### अदालत ने नाबालिग लड़कियों के 'शोषण' मामले में बिहार सरकार से मांगा जवाब

**पटना :** पटना उच्च न्यायालय ने 'नृत्य/ऑर्केस्ट्रा समूहों' द्वारा नाबालिग लड़कियों की 'तस्करी और उनके शोषण' को लेकर दाखिल याचिका पर बिहार सरकार से जवाब तलब किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पीठ ने 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' द्वारा दायर एक रिट याचिका पर यह नोटिस जारी किया। 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' खुद को ''बाल अधिकारों के लिए काम करने वाले 250 से अधिक गैर सरकारी संगठनों का नेटवर्क' बताया है। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि रोहतास, सारण और गोपालगंज जैसे जिलों में गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय प्रशासन द्वारा ऑर्केस्ट्रा समूहों पर छापेमारी की गयी और 'बड़ी संख्या में नाबालिग लड़कियों को बचाया गया'। वकील ने दलील दी कि छापेमारी के दौरान लड़कियों की 'तस्करी और उनका शोषण' उजागर हुआ एवं अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया गया, तो बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाई गई नीति विफल हो जाएगी।

### यूपी: मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**बाराबंकी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में बाराबंकी जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सफदरगंज थानाक्षेत्र के हनुमान मंदिर परिसर से एक दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया आरोपी की पहचान फरहान के रूप में हुई है, जिसकी रेडीमेड कपड़े की दुकान है। पुलिस के मुताबिक, फरहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी और इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। सफदरगंज थाने में उपनिरीक्षक संतोष दीक्षित ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर आज (सोमवार को) जेल भेज दिया गया।

### यूपी: दो भाइयों की हत्या के मामले में माफिया अमरपाल सहित चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**बागपत :** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की एक अदालत ने दो भाइयों की हत्या के एक मामले में सोमवार को अंतरराज्यीय कुख्यात अपराधी अमरपाल उर्फ कालू सहित चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2015 में छपरौली थानाक्षेत्र के लुहारा गांव में दो भाइयों की अपहरण के बाद हत्या कर दी गयी थी और इस संबंध में अमरपाल उर्फ कालू समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) नीरु शर्मा ने अभियुक्त अमरपाल उर्फ कालू, वीरसेन, शास्त्री उर्फ धर्मदत्त और मुशर्रफ को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सभी पर 75-75 हजार रुपये का जुर्माने भी लगाया।

## झारखंड: 'हूल दिवस' के कार्यक्रम से पहले प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया

**रांची :** झारखंड के साहिबगंज जिले के भोगनाडीह इलाके में 'हूल दिवस' के अवसर पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह से पहले कथित तौर पर एक मंच को गिराए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों पर पुलिस ने सोमवार को आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भोगनाडीह आदिवासी प्रतीक सिदो और कान्हू मुर्मू नामक दो भाइयों का जन्मस्थान है, जिन्होंने 1855-56 में ब्रिटिश शासन और स्थानीय जमींदारों के खिलाफ संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था। इसी विद्रोह की याद में 30 जून को 'हूल दिवस' मनाया जाता है। सिदो-कान्हू मुर्मू हूल फाउंडेशन (एसकेएचएफ) और आतो मांझी वाशी भोगनाडीह (एएमवीबी) के नेतृत्व में ग्रामीण जिला प्रशासन द्वारा 'हूल दिवस' मनाने के लिए बनाए गए एक अलग मंच को कथित तौर पर नष्ट किए जाने का विरोध कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने घटना की निंदा की जबकि वरिष्ठ मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि इसके पीछे एक 'सुनियोजित साजिश हो सकती है। एक अधिकारी ने बताया, 'पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, क्योंकि कुछ ग्रामीणों ने धनुष और तीर से पुलिस पर हमला कर दिया था।'



## हमने अखिलेश के लिए 'नो एंट्री' का बोर्ड लगाया है: ओम प्रकाश राजभर

**जौनपुर :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव सत्ता में लौटने के लिए बेताब हैं लेकिन उन्होंने और अन्य क्षेत्रीय दलों ने पहले ही उनके लिए 'नो एंट्री' का बोर्ड लगा दिया है। जौनपुर जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ता बैठकों में भाग लेने पहुंचे राजभर ने सपा प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा, अखिलेश सत्ता में आने के लिए बेताब हैं लेकिन मैंने, संजय निषाद (निषाद पार्टी), अनुप्रिया पटेल (अपना दल-एस) और जयंत चौधरी (रालोद) ने उनके लिए 'नो एंट्री' का बोर्ड लगा दिया है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), अपना दल (एस), निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) और सुभासपा उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा हैं। राजभर ने जौनपुर में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करनी है, ताकि आगामी चुनावों में सुभासपा निर्णायक भूमिका निभा सके। राजभर ने कहा, सपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश भर में कुल 800 दंगे हुए थे। वहीं, भाजपा के शासनकाल में पिछले आठ वर्षों में एक भी दंगा नहीं हुआ। यह फर्क लोगों को समझना होगा।

### आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन



**रायबरेली,समाज्ञा :** आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में सोमवार को कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता तौकीर अहमद (मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान प्रयागराज) ने कम्प्यूटर के बारे जानकारियां प्रदान की। प्रयागराज से आए अतिथि वक्ता तौकीर अहमद ने आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों कार्यालयीन कार्य में प्रयोग होने वाले कम्प्यूटर के एमएस वर्ड के टाइटलबार, मैनूबार, टास्कबार, फोरमैटिंगबार , बाइनरी कोडिंग आदि पर काम करने की शॉर्ट कीज तथा एक्सेल शीट के प्रयोग के संबंध में बहुत ही उपयोगी बिन्दुओं पर चर्चा की ।आरेडिका के राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने कार्यक्रम के अंत में सभी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय फैशन संस्थान से नराकास के सदस्य तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपी: कांवड़ यात्रा के लिए चार जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने सावन महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से चार जिलों में सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिन चार जिलों में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गयी है, उनमें मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत और हापुड़ जिले शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, लगभग 540 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर कुल 119 अवरोधक लगाए जाएंगे, जिसमें मेरठ व बुलन्दशहर में 25-25, बागपत में 51 और हापुड़ में 18 अवरोधक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ मार्ग को 57 जोन और 155 सेक्टर में विभाजित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मार्ग पर 19 अपर पुलिस अधीक्षक, 54 क्षेत्राधिकारी, 265 निरीक्षक, 1823 उपनिरीक्षक, 2574 मुख्य आरक्षी, 2860 आरक्षी और 1166 महिला पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था के लिए 12 निरीक्षक, 117 उपनिरीक्षक, 175 मुख्य आरक्षी एवं 394 आरक्षी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की 20 और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की पांच कंपनियां भी लगाई जाएंगी।

## लगातार हो रही बारिश चिंता का विषय, झारखंड सरकार स्थिति पर करीबी नजर रख रही है: मुख्यमंत्री

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को कहा कि राज्य में लगातार हो रही बारिश चिंता का विषय है और सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है। अधिकारियों ने बताया कि मानसून की शुरुआत के बाद से पूर्वी राज्य में मध्यम से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण झारखंड के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। सोरेन ने कहा, 'मानसून की शुरुआत में लगातार हो रही बारिश चिंता का विषय है। राज्य सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। सरकार बारिश से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता मुहैया कराएगी।' दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 17 जून को झारखंड में दस्तक दी थी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, राज्य में जून के महीने में हुई बारिश पिछले 11 वर्षों में सबसे अधिक रही है।'' उन्होंने बताया कि झारखंड में एक जून से 30 जून तक 348.9 मिमी बारिश हुई है जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश 189.5 मिमी होती है।



## पशुपालन के बिना खेती लाभ का धंधा नहीं बन सकती: चौहान

**बरेली (उप्र) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि पशुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके बिना खेती लाभ का धंधा नहीं बन सकती। यहां भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में चौहान ने उपाधिधारकों का आह्वान करते हुए कहा, 'पशुपालन के बिना खेती लाभकारी नहीं हो सकती है, इसलिए यह आज भी महत्वपूर्ण है तथा आगे और भी काम करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली, विकसित भारत का महाअभियान चल रहा है, जिसमें पशुपालन का बड़ा योगदान है। चौहान ने विद्यार्थियों के लिए 'भांजे-भांजियों' के संबोधन से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि सौभाग्य से हमारे बीच पधारीं भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू में ज्ञान, भक्ति और कर्म तीनों का संगम दिखाई देता है। उन्होंने राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त किया। दीक्षांत समारोह में उपस्थित 576 छात्रों को उपाधियां और 24 को पदक दिए गए। उन्होंने उपाधिधारकों को लक्ष्य करते हुए कहा कि यह समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं है, डिग्री प्राप्त करने के बाद आपके कंधों पर नया उत्तरदायित्व आया है, आपकी ये उपाधि देश की सेवा के लिए है। चौहान ने कहा, 'अपने लिए कीट पतंगे, पशु-पक्षी भी जीते हैं, लेकिन अपने लिए जिए तो क्या जिए, जिएं तो देश के लिए जिएं।' केन्द्रीय मंत्री ने उपाधिधारकों से कहा कि यह उपाधि केवल आपके लिए नहीं है, यह देश के विकास को नया आयाम देने के लिए है। चौहान ने कहा कि आपका अनुसंधान केवल पेपर लिखने के लिए नहीं है, आपके अनुसंधान का लाभ किसान और पशुपालकों को मिलना चाहिए। हमें खुशी है कि कई वैज्ञानिक निकले और किसानों को इसका लाभ मिला। चौहान ने कहा कि देश के प्रत्येक जिले में वैज्ञानिकों की 2,000 टीमें भेजी जाएंगी। ये टीमें स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि, उन्नत नस्लों, तकनीकी खेती और बागवानी के विषय में जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अब सिर्फ प्रयोगशाला में सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि खेत और खलिहान तक जाकर किसानों से जुड़ेंगे।



## बिहार में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो राजस्थान के स्वास्थ्य मॉडल को लागू करेंगे : गहलोत

**पटना :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि इस साल के अंत में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर 'इंडिया' गठबंधन की जीत हुई तो राज्य में 'स्वास्थ्य देखभाल का राजस्थान मॉडल' लागू किया जाएगा। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी (बीपीसीसी) के मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक संवाददाता सम्मेलन में यह वादा किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में बिहार मामलों के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार भी मौजूद थे। गहलोत ने दावा किया कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजस्थान ने एक 'अद्वितीय स्वास्थ्य मॉडल' लागू किया, जिसमें 'शत-प्रतिशत लोगों' को मुफ्त चिकित्सा बीमा का लाभ मिला, जबकि केंद्र की आयुष्मान भारत योजना 'केवल आबादी के एक हिस्से को लाभ पहुंचाती है'। कांग्रेस नेता ने कहा, 'राजस्थान स्वास्थ्य अधिकार अधिनियम ने प्रत्येक परिवार को मुफ्त जांच, उपचार और दवाइयों की गारंटी दी है। किसी अन्य राज्य में ऐसा स्वास्थ्य मॉडल नहीं है। अगर हम बिहार में सत्ता में आते हैं, तो इसे यहां भी दोहराया जाएगा।'' कांग्रेस बिहार में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की दूसरी सबसे बड़ी घटक है। गठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामपंथी दल शामिल हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली सरकार की महिला पेंशन योजना के तहत 60,000 से अधिक लाभार्थी अपात्र पाई गईं

**नयी दिल्ली :** महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग की ओर से बड़े पैमाने पर चलाए गए सत्यापन अभियान के बाद दिल्ली सरकार की महिला पेंशन योजना के तहत 60,000 से अधिक लाभार्थी अपात्र पाई गई हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा, अलग रह रही और बेसहारा महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। हालांकि, पिछले साल नवंबर में शुरू किए गए घर-घर सत्यापन अभियान के दौरान इसके क्रियान्वयन में व्यापक विसंगतियां सामने आईं। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सत्यापन अभियान के बाद 60,000 से अधिक अपात्र लाभार्थियों के नाम लाभार्थी सूची से हटा दिए गए हैं।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहलगाम हमले की निंदा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का आह्वान संभव

**नयी दिल्ली :** ब्राजील में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं की ओर से जारी किए जाने वाले घोषणापत्र में भारत की उम्मीद के अनुरूप पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और आतंकवाद का एकजुट होकर सामना करने के लिए दृढ़ दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रियो डी जेनेरियो में छह और सात जुलाई को आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत अगले साल ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता करेगा। प्रधानमंत्री दो से नौ जुलाई तक पांच देशों की अपनी यात्रा के तहत ब्राजील पहुंचेंगे। वह जिन अन्य देशों की यात्रा करेंगे, उनमें घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया शामिल हैं। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने संवाददाताओं से कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मोदी की भागीदारी समूह के साथ भारत की एकजुटता की अभिव्यक्ति होगी और उनके लिए 'ग्लोबल साउथ' के नेताओं से जुड़ने का एक बड़ा मौका होगा।

### जम्मू-कश्मीर: पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद आतंकवादी एक खड़ी चट्टान से कूद गए और घायल अवस्था में पाकिस्तानी सीमा में लौट गए। आरिफ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के दातोटे गांव का निवासी है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों पर भाजपा चुप : ओवैसी

**छत्रपति संभाजीनगर :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाया कि भारत में बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ को लेकर शोर मचाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों तथा चीन द्वारा एक वायुसैनिक अड्डे के निर्माण को नजरअंदाज कर रही है। परभणी में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा नेता भारत के पड़ोसी देशों की सीमाओं पर उत्पन्न स्थिति को समझने में असमर्थ प्रतीत होते हैं। उन्होंने सवाल किया, ''वे (भाजपा नेता) बांग्लादेशियों के भारत में अवैध रूप से बसने की बात करते रहते हैं।

# पुरी में भगदड़ की घटना के एक दिन बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु

**पुरी (ओडिशा) :** पुरी के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत और 50 अन्य के घायल होने के एक दिन बाद सोमवार को हजारों श्रद्धालु भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार की घटना के मद्देनजर श्री गुंडिचा मंदिर के सामने अवरोधक लगा दिए गए हैं और मंदिर के अंदर स्थित 'अडापा मंडप' (वह मंच जहां देवता बैठते हैं) में देवताओं के सुचारू दर्शन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं के प्रवेश



के बाद कई निर्धारित अनुष्ठानों के कारण सोमवार रात को 'पाहुड़ा' (देवताओं के विश्राम के लिए मंदिर के द्वार बंद करना) नहीं किया गया। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया, सोमवार को सुबह सात बजकर 40 मिनट पर मंगल आरती की गई और हजारों श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी के इस अनुष्ठान में भाग लिया। उन्होंने बताया कि भगवान को लगभग 20 दिनों के बाद चूल्हे की आग में पकाया हुआ प्रसाद अर्पित किया जाएगा। श्री गुंडिचा मंदिर में देवताओं को अर्पित किए जाने वाले पके हुए भोजन को 'आडापा मंडप प्रसाद' कहा जाता है। अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) स्तर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सौमेंद्र प्रियदर्शी ने कहा, ''हम सतर्क हैं... भगवान की कृपा से सब कुछ सुचारू रूप से हो रहा है। श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के श्री गुंडिचा मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं।'' सौमेंद्र प्रियदर्शी को रथ यात्रा के दौरान पुलिस व्यवस्था की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# आज से बढ़ेगा वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित श्रेणी का रेल किराया

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने एक जुलाई से मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में गैर-वातानुकूलित श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर और सभी वातानुकूलित श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की है। मंत्रालय ने सोमवार को एक आधिकारिक परिपत्र जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय के अधिकारियों ने ट्रेन के किराए में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में 24 जून को संकेत दिए थे। हालांकि, ट्रेन और श्रेणियों के अनुसार किराया सूची के साथ आधिकारिक परिपत्र सोमवार को जारी किया गया। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेन और मासिक पास टिकट के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साधारण द्वितीय श्रेणी का किराया 500 किलोमीटर तक नहीं बढ़ाया गया है और इससे अधिक दूरी के लिए



टिकट की कीमत में आधा पैसा प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। साधारण शयनयान श्रेणी और प्रथम श्रेणी के यात्रियों को भी एक जुलाई से रेल यात्रा के लिए प्रति किलोमीटर आधा पैसा अधिक देना होगा। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''किराया संशोधन प्रमुख और विशेष ट्रेन सेवाओं, जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और सामान्य गैर-उपनगरीय सेवाओं पर भी लागू होता है।'' इसमें कहा गया है, ''संशोधित किराया एक जुलाई 2025 को या उसके बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इस तिथि से पहले जारी किए गए टिकट बिना किसी किराया समायोजन के मौजूदा किराए पर वैध रहेंगे। पीआरएस, यूटीएस और मैनुअल टिकटिंग सिस्टम को तदनुसार अपडेट किया जा रहा है।'' मंत्रालय के अनुसार, आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार और अन्य शुल्क अपरिवर्तित रहेंगे। इसी प्रकार, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू नियमों के अनुसार वसूला जाता रहेगा।

## मणिपुर के चुराचांदपुर में अज्ञात बंदूकधारियों ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या की

**चुराचांदपुर/इंफाल :** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग सात किमी दूर है। चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चारों लोगों को नजदीक से गोली मारी गई। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) के रूप में हुई है। मौके से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किए गए। किसी भी संगठन ने अब तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इलाके में पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

## 'इंडिया' एक विदेशी शब्द है: पाठ्यक्रम में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' पर अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा

**नयी दिल्ली :** डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) की कुलपति अनु सिंह लाठर ने कहा कि संस्थान जानबूझकर 'इंडियन नॉलेज सिस्टम' शब्द की जगह 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' (बीकेएस) शब्द का इस्तेमाल कर रहा है, क्योंकि ''इंडिया एक विदेशी शब्द है''। 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में लाठर ने एयूडी की सांस्कृतिक पहचान और शैक्षिक स्वायत्तता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की शब्दावली का चयन एक गहन दार्शनिक और ऐतिहासिक चेतना को प्रतिबिंबित करता है। लाठर ने कहा, ''इंडिया शब्द हम सभी के लिए विदेशी है।'' उन्होंने कहा कि एयूडी ने हाल ही में 54 अनिवार्य बीकेएस पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी है, जिन्हें इतिहास, कानून,



विरासत प्रबंधन और राजनीतिक दर्शन सहित विभिन्न विभागों के विषयों में एकीकृत किया जाएगा। लाठर के मुताबिक, ये केवल मूल्य-संवर्द्धन वाले ऐच्छिक विषय नहीं हैं, बल्कि अनिवार्य घटक हैं, जिनका मकसद औपचारिक उच्च शिक्षा में स्वदेशी ज्ञान ढांचे को शामिल करना है। उन्होंने कहा, ''हमें इन पाठ्यक्रमों को अंतिम रूप देने में लगभग दो साल लगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम के संदर्भ में मूल स्रोत-उपनिषद, महाभारत या अर्थशास्त्र के अध्याय, श्लोक और पंक्ति तक शामिल हैं। हमने जमीनी स्तर पर गहन अकादमिक कार्य किया है।'' लाठर के अनुसार, यह पहल शायद किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय में सबसे उपयुक्त बीकेएस मॉडल है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में भारतीय आधारभूत राजनीतिक दर्शन, योग एवं आत्मा, भारतीय सौंदर्यशास्त्र, ज्ञान के रूप में भक्ति, पारंपरिक कानून प्रणालियां और प्राचीन भारतीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसे विषय शामिल हैं। लाठर ने कहा कि ये पाठ्यक्रम राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की मदद से तैयार किए गए हैं और विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद से अनुमोदन मिलने से पहले इनकी गहन अकादमिक जांच की गई थी।

## अफगानिस्तान में भारत की मानवीय सहायता के तहत दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम अंग

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान में 70 से अधिक लोगों को भारत की मानवीय सहायता के तहत कृत्रिम अंग मिले हैं, जिससे उन्हें शारीरिक आराम और मानसिक राहत मिली है। हाल में काबुल में कई दिव्यांग लोगों के पुनर्वास में



मदद के लिए पांच दिवसीय जयपुर फुट शिविर का आयोजन किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा की। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें स्वयंसेवक कृत्रिम अंग दिव्यांगों को प्रदान करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जायसवाल ने अपने पोस्ट में कहा, ''अफगानिस्तान के लोगों को भारत की ओर से दी जा रही मानवीय सहायता के तहत, बीएमवीएसएस, जयपुर द्वारा काबुल में पांच दिवसीय 'जयपुर फुट' शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अफगानिस्तान की राजधानी में एक भारतीय धर्मार्थ संगठन के माध्यम से आयोजित किया गया, जो 1970 के दशक से इस क्षेत्र में काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, शिविर में उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें लगभग 75 कृत्रिम अंग सफलतापूर्वक लगाए गए। राजस्थान स्थित भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) अपने जयपुर फुट और दिव्यांग लोगों के पुनर्वास के लिए विश्व स्तर पर जानी जाती है।

# भारत के अधिकांश हिस्सों में जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा होने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को जुलाई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया और मध्य भारत,उत्तराखंड और हरियाणा के अधिकारियों तथा लोगों को बाढ़ के संभावित खतरे के कारण सतर्क रहने का सुझाव दिया। इसने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में मानसून के कारण भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश से हुए नुकसान, इमारतें ढहने, भूस्खलन और सड़क जाम ने सोमवार को पहाड़ी राज्य के लोगों की चिंताओं को और बढ़ा दिया। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि उत्तरी ओडिशा में प्रमुख नदियों के उफान पर होने



के कारण, राज्य सरकार ने निचले इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया है और बालासोर और मयूरभंज जिलों में बचाव और राहत अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सोमवार सुबह गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं, जिससे तापमान कई डिग्री नीचे चला गया और हवा साफ हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार रात से दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक वर्षा दर्ज की। चंडीगढ़ और पंजाब एवं हरियाणा के कई हिस्सों में भी सोमवार को बारिश हुई। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, चंडीगढ़ में सोमवार सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में 70.5 मिमी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों, पूर्वी भारत के कई इलाकों और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है।

## जल्द आएगी 2025-45 के लिए राष्ट्रीय सहकारी नीति, फरवरी 2026 तक दो लाख पैक्स का लक्ष्य: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही 2025 से 2045 तक के लिए प्रभावी राष्ट्रीय सहकारी नीति की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने और देश



के 1.4 अरब लोगों के लिए रोजगार पैदा करने के प्रयासों का हिस्सा है। शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में कहा कि नीति का लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के हर गांव में सहकारिता स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इसके तहत फरवरी, 2026 तक दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। शाह ने कहा, ''राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत प्रत्येक राज्य की सहकारिता नीति उस राज्य की सहकारिता स्थितियों के अनुसार तैयार की जाएगी और विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे।''

## राजा रघुवंशी के परिवार ने सोनम को तोहफे में दिए थे 16 लाख रुपये के जेवरात: विपिन रघुवंशी

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** हनीमून हत्याकांड मामले में राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि मुख्य आरोपी सोनम को उनके परिवार ने विवाह के दौरान करीब 16 लाख रुपये के जेवरात तोहफे में दिए थे। मेघालय में हनीमून मनाने गये राजा रघुवंशी 23 मई को लापता हो गए थे और उनका क्षत-विक्षत शव पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा क्षेत्र में एक झरने के पास गहरी खाई में दो जून को मिला था। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने यह दावा मेघालय पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के रतलाम से रविवार को अहम सबूत के तौर पर कुछ जेवरात, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद किए जाने के अगले दिन किया। ये सामान हत्याकांड के सबूत छिपाने और मिटाने के आरोप में गिरफ्तार इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स की निशानदेही पर उसकी पत्नी के मायके से बरामद किया गया। इस बरामदगी के अगले दिन विपिन इंदौर पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के दफ्तर में दिखाई दिए जहां जांच के लिए मेघालय पुलिस के दल ने डेरा डाल रखा है। विपिन ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने मेघालय पुलिस को करीब 16 लाख रुपये मूल्य वाले सोने और चांदी के उन जेवरात की तस्वीरें सौंपी जो राजा और सोनम के विवाह के दौरान उनके परिवार ने अपनी बहू को भेंट में दिए थे।

## त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जुलाई में त्रिनिदाद और टोबैगो की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को दी। विदेश मंत्रालय में सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने यहां एक विशेष ब्रीफिंग में यह भी कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद में अध्यक्ष की कुर्सी भारत द्वारा उपहार में दी गई थी, जो दोनों देशों के बीच मजबूत लोकतांत्रिक और संसदीय परंपराओं का प्रतीकात्मक अनुस्मारक है। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने पिछले वर्ष 23-24 अगस्त को त्रिनिदाद और टोबैगो की आधिकारिक यात्रा की थी। मार्गेरिटा ने पच्चीस अगस्त 2024 को 'एक्स' पर एक पोस्ट में त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद की अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा की थीं। मार्गेरिटा ने अपने पोस्ट में कहा था, ''त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद में अध्यक्ष की कुर्सी, जिसे भारत के लोगों ने 1968 में त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों को उपहार में दी थी, हमारे ऐतिहासिक संबंधों और लोगों के बीच गहरे संबंधों का प्रमाण है।'' उन्होंने कुर्सी की एक तस्वीर भी साझा की थी, जिस पर लिखा था - भारत के लोगों से त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों को।''

# शेफाली के संभवतः खाली पेट दवा लेने से रक्तचाप में गिरावट आई : पुलिस

**मुंबई :** अभिनेत्री शेफाली जरीवाला जवां बने रहने के लिए गोलियों सहित विभिन्न प्रकार की दवाएं ले रही थीं और संभवतः अस्पताल ले जाने से पहले खाली पेट इन गोलियों का सेवन करने से उनका रक्तचाप गिर गया था। उनकी मौत की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जरीवाला का 27 जून को निधन हो गया था। 'कांटा लगा गर्ल' से चर्चित जरीवाला (42) को गत शुक्रवार रात 11:15 बजे उनके पति पराग त्यागी अंधेरी के बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जरीवाला की मौत की



जानकारी शुक्रवार देर रात करीब एक बजे पुलिस को दी गई जिसने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को घर पर पूजा होने के कारण वह उपवास पर थीं और खाली पेट कई दवाइयां खाने से उनका रक्तचाप कम हो गया, जिसके कारण वह चक्कर खा कर गिर गईं। अधिकारी ने बताया कि जरीवाला ने शुक्रवार की दोपहर एक इंजेक्शन लिया था, जो संभवतः जवां बने रहने के लिए था, तथा रात में भी उन्होंने रोजाना ली जाने वाली दवाइयां ली थीं। उन्होंने कहा, ''जरीवाला का रक्तचाप काफी कम हो गया और वह कांपने लगी, जिसके बाद परिवार के सदस्य उन्हें अस्पताल ले गए।'' अधिकारी ने बताया कि अंबोली पुलिस ने अब तक 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें उनके पति, माता-पिता और घरेलू सहायक शामिल हैं, जो घटना के समय घर में मौजूद थे।

## संविधान का एक शब्द भी छुआ गया तो हम पूरी ताकत से लड़ेंगे : खरगे

**बेंगलुरु :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि अगर संविधान में किसी एक शब्द को भी छुआ गया तो इसके खिलाफ उनकी पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के आह्वान पर यह टिप्पणी की। बेंगलुरु में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने दावा किया कि होसबाले ''मनुस्मृति'' को मानने वाले व्यक्ति हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''वह नहीं चाहते कि गरीब वर्ग के लोग आगे आएं। जो हजारों साल पहले होता था, वह उसी व्यवस्था को जारी रखना चाहते हैं। इसलिए उन्हें समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पसंद नहीं है।'' खरगे के मुताबिक, ये सिर्फ होसबाले का मत नहीं है, बल्कि आरएसएस का मत है। उन्होंने आरोप लगाया, ''आरएसएस हमेशा गरीब लोगों, दलितों और अनुसूचित जाति और अन्य समुदायों के खिलाफ है। यदि उन्हें इतनी ही रुचि है, तो वे अस्पृश्यता को हटा सकते थे। उनका दावा है कि वे हिंदू धर्म के चैंपियन हैं। यदि वे ऐसे हैं, तो उन्हें अस्पृश्यता को खत्म कर देना चाहिए।'' राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि आरएसएस को अपने सभी स्वयंसेवकों को यह सुनिश्चित करने के लिए तैनात करना चाहिए कि अस्पृश्यता दूर हो और देश को एकजुट रखा जाए।

# आतंकी हमले के बावजूद अमरनाथ तीर्थयात्रियों ने पहलगाम मार्ग चुना, कहा: हम आतंकवादियों से डरते नहीं

**जम्मू :** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भयावह आतंकवादी हमले का असर इस वर्ष अमरनाथ यात्रा पर पड़ने की आशंकाओं को दरकिनार करते हुए देश के विभिन्न भागों से सैकड़ों तीर्थयात्री पहले दिन पंजीकरण केन्द्र पर कतारों में खड़े दिखायी दिए। ग्याहरवीं बार बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे मुंबई निवासी दिवाकर कदम ने कहा, गोली और बम हमें बाबा बर्फानी के दर्शन करने से नहीं रोक सकते। जम्मू रेलवे स्टेशन के निकट सरस्वती धाम पंजीकरण केंद्र पर पंजीकरण के पहले दिन लोगों की भीड़ देखी गई और वहां उपस्थित कई लोगों ने बढ़ती भीड़ को पाकिस्तान समर्थित



आतंकवादियों को करारा जवाब बताया। आतंकियों ने 22अप्रैल को किए गए हमले में विशेष धर्म के लोगों की पहचान करके पहलगाम में 26 लोगों (जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बम बम बोले और जय बाबा बर्फानी के नारों के बीच तीर्थयात्री टोकन पाने की प्रतीक्षा करते दिखायी दिए जिनमें से कई ने कहा कि वे 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहलगाम मार्ग से अमरनाथ की तीर्थयात्रा कर रहे हैं। कदम ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं। हमारे 26 सदस्यों का समूह बेहद खुश है, और हम अमरनाथ जी के दर्शन करने वाले पहले जत्थे का हिस्सा बनना चाहते हैं। हमें कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा, चाहे कुछ भी हो जाए, अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर के लोगों का उत्साह कम नहीं हो सकता। हर कोई आएगा और दर्शन करेगा। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी।

## भाजपा को कई नये प्रदेश अध्यक्ष मिले, पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की दिशा में आगे बढ़ी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)कुछ राज्यों की इकाइयों के प्रमुखों का चुनाव कर चुकी है और मंगलवार को कुछ और राज्यों में भी प्रदेश अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया पूरी कर लेगी। इसी के साथ केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी सोमवार को नये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गई। इन प्रदेश अध्यक्षों के निर्वाचन के साथ ही जे पी नड्डा के स्थान पर नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए आवश्यक प्रदेश अध्यक्षों की संख्या पूरी हो जायेगी। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले 37 संगठनात्मक राज्यों में से कम से कम 19 में अध्यक्षों का चुनाव होना आवश्यक है। सत्तारूढ़ पार्टी मंगलवार को यह सीमा पार करने जा रही है। वी पी रामलिंगम और के बेइचुआ सोमवार को क्रमशः पुडुचेरी और मिजोरम के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में इस पद के लिए एकल नामांकन दाखिल किया गया, फलस्वरूप मंगलवार को उनका चुनाव महज औपचारिकता रह गया। भाजपा के पास अब 16 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष हैं, जिनमें से कुछ को फिर से इस पद पर चुना गया है। यह आंकड़ा मंगलवार को बढ़ जाएगा। अगले कुछ दिनों में कर्नाटक और मध्यप्रदेश जैसे बड़े राज्यों में भी प्रदेश भाजपा अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी हो सकती है। भाजपा ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में क्रमशः रामचंदर राव और पी वी एन माधव जैसे संगठन के अनुभवी नेताओं को अध्यक्ष चुना है। महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष और चार बार के विधायक रवींद्र चव्हाण का भी नया प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना तय है। वह राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री और मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का स्थान लेंगे। उत्तराखंड के निवर्तमान अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट को इसी पर पर नया कार्यकाल मिला है। इस घटनाक्रम से नड्डा की जगह नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की संभावना बढ़ गई है। नड्डा इस समय नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। हालांकि, तेलंगाना में राव को चुने जाने पर उग्र हिंदुत्व नेता और विधायक टी राजा सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा से इस्तीफा दे दिया। गुटबाजी से ग्रस्त तेलंगाना पार्टी संगठन में राव की पदोन्नति को संतुलन साधने और संगठन के पुराने लोगों को पुरस्कृत करने के रूप में देखा जा रहा है।

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**नयी दिल्ली :** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा, 'कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। डब्ल्यूएसकेएल के जरिए हमारा लक्ष्य विश्व भर के दर्शकों को इस खेल से जोड़ना, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को सामने लाना और ओलंपिक मान्यता की दिशा में निर्णायक कदम उठाना है।'

# बुमराह पर फैसला अगले 24 घंटे में लेकिन दो स्पिनरों के खेलने की संभावना: सहायक कोच डोइशे

**बर्मिंघम :** भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर अगले 24 घंटों में फैसला लिया जाएगा लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे को पूरा यकीन है कि उनकी टीम एजबेस्टन में दो स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरेगी। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग बढ़ रही है लेकिन बल्लेबाजी की गहराई बनाए रखने के लिए रविंद्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर भी एकादश में जगह बनाने की दौड़ में है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में सोमवार को तीनों स्पिनरों ने गेंदबाजी की। बुमराह चोटिल होने से बचने के लिए इस श्रृंखला में पांच में से तीन टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने अभ्यास सत्र की शुरुआत में दो रंग की गेंद (लाल और सफेद) से गेंदबाज की और फिर




फिर सत्र के आखिरी क्षणों में 'ड्यूक' गेंद से गेंदबाजी की। उन्होंने लगभग तीन ओवर गेंदबाजी की जबकि उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा ने शुरू में काफी गेंदबाजी की। भारतीय टीम श्रृंखला को 0-1 से पिछड़ने के बाद बुमराह के तीन टेस्ट मैचों के चयन को लेकर दुविधा में है। डोइशे ने कहा, 'वह जाहिर तौर पर चयन के लिए उपलब्ध है। हम शुरू से जानते हैं कि वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेगा। उसे पिछले टेस्ट से उबरने के लिए आठ दिन मिले हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें यह तय करना है कि मौजूदा परिस्थितियों, कार्यभार और अगले चार मैचों के लिए हम उसे कैसे बेहतर तरीके से प्रबंधित कर सकते हैं, इस पर हमने अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हम यह भी देखेंगे कि अन्य खिलाड़ियों का कार्यभार कैसा है।' उन्होंने कहा, 'हमें अगर लगा कि उसे इस टेस्ट में खिलाने में फायदा है, तो हम आखिरी मिनट में यह फैसला लेंगे। फायदा से मेरा मतलब मौसम, पिच और परिस्थितियों के आकलन से है। हमें यह भी तय करना है कि क्या उसे लॉर्ड्स और शायद मैनचेस्टर या ओवल के लिए बचाना बेहतर होगा? इससे जुड़े फैसले के पीछे बहुत सारे कारक है।'

# निकहत, लवलीना और नीतु एलीट महिला मुक्केबाजी फाइनल में

**हैदराबाद :** विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतु घंघास और स्वीटी बूरा एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की विश्व चैम्पियन जरीन ने वी लक्ष्या को 5-0 से हराया। अब फाइनल में वह ज्योति (आरएसपीबी) से खेलेंगी। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बोर-गोहेन ने उत्तर प्रदेश की स्नेहा को 75 किलो फाइनल में पहले दौर में मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता नीतु ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर 48 किलो फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना चंचल से होगा। स्वीटी ने 80 किलो सेमीफाइनल में अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी)




की बबीता बिष्ट को 5-0 से हराया। अब उनका सामना आरएसपीबी की अल्फिया पठान से होगा। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अंकुशिता बोरो (टॉप्स) ने 65 किलो वर्ग में अमिता कुंडु (एआईपी) को 5-0 से मात दी। अब वह आरएसपीबी की शशि से खेलेंगी जिन्होंने तेलंगाना की यशी शर्मा को 5-0 से हराया। प्रीति (टॉप्स) और तनु (एसएससीबी) ने 54 किलो के फाइनल में जगह बनाई जबकि बी चानू (आरएसपीबी) और कमलजीत कौर गिल (एआईपी) 57 किलो का फाइनल खेलेंगी। साइ की रितिका और एआईपी की शिवानी तोमर 80 प्लस वर्ग का फाइनल खेलेंगी।

### धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम के लिए ट्रेडमार्क मांगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम के लिए ट्रेडमार्क आवेदन दायर किया है। मैदान पर उनके शांत व्यवहार के कारण लोग उन्हें इस नाम से बुलाते हैं। ट्रेडमार्क पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, आवेदन की स्थिति 'स्वीकृत और विज्ञापित' है। इसे 16 जून को आधिकारिक ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशित किया गया था। आवेदन पांच जून को दायर किया गया था। प्रस्तावित ट्रेडमार्क खेल प्रशिक्षण, खेल प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल कोचिंग और सेवाएं देने की श्रेणी के तहत पंजीकृत है। इस बारे में धोनी से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं मिल सकी। दिलचस्प बात यह है कि एक अन्य कंपनी प्रभा स्किल स्पोर्ट्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड ने पहले इस वाक्यांश के लिए इसी तरह का आवेदन दायर किया था। हालांकि, उस आवेदन की स्थिति 'सुधार दायर किया गया' के रूप में दिखाई दे रही है।

## खेल में भागीदारी बढ़ाने के लिए स्कूलों में 10 लाख फुटबॉल वितरित किए जाएंगे: प्रधान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि फुटबॉल में भागीदारी बढ़ाने और छात्रों के बीच एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने के लिए देश भर के स्कूलों में लगभग 10 लाख फुटबॉल वितरित किए जाएंगे। मंत्री ने रविवार को कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में इसकी घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर 'फुटबॉल फॉर स्कूल्स (एफ4एस)' कार्यक्रम के तहत फीफा फुटबॉल के वितरण को हरी झंडी दिखाई। प्रधान ने कहा, 'देश भर के स्कूलों में लगभग 10 लाख फुटबॉल वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य फुटबॉल में भागीदारी और छात्रों के बीच मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।' 'फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा)' द्वारा संचालित एफ4एस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के छात्रों के लिए खेल को अधिक सुलभ बनाकर जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देना है। भारत में यह कार्यक्रम डीओएसईएल (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग) द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सहयोग से चलाया जा रहा है।

## आयुष ने यूएस ओपन सुपर 300 के साथ बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब

### तन्वी उपविजेता रही

**आयोवा (अमेरिका) :** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के




खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

## चुनौतियों का सामना करने के लिये तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' चाहते हैं नीरज

**नयी दिल्ली :** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना ठंडे दिमाग से करने के लिये महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जैसी 'सुपरपावर' पाना चाहते हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के चोपड़ा ने यह भी कहा कि ह धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहे हैं जब उनके दिग्गज कोच जान जेलेंजी ने उन्हें भाला फेंकने से पहले 18 बरस के युवक की तरह किसी तनाव के बिना दौड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अब तक मैदान से भीतर और बाहर उन्हें सर्वश्रेष्ठ सलाह चेक कोच जेलेंजी से मिली है जिनके नाम 98.48 मीटर का भालाफेंक का विश्व रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने 'स्टार



स्पोटर्स' और 'जियो हॉटस्टार' से कहा, 'जब भी मैं थ्रो फेंकता हूं तो मैं काफी ऊर्जावान रहता है लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि मुझे प्रवाह के साथ दौड़ना है। मुझे 18 वर्ष के लड़के की तरह बिना किसी तनाव के दौड़ना है। मैं धीरे धीरे प्रवाह की अवधारणा समझ रहा हूं।' उन्होंने कहा,'किसी भी खेल में प्रवाह महत्वपूर्ण है। मसलन रोजर फेडरर इतनी गरिमा और लय के साथ खेलते हैं कि पता ही नहीं चलता कि वह इतना प्रयास कर रहे हैं। मैं अपने अभ्यास में वही उतारना चाहता हूं।' यह पूछने पर कि वह किस क्रिकेटर की सुपरपावर भालाफेंक में उतारना चाहेंगे , चोपड़ा ने कहा, 'सचिन तेंदुलकर।



### रुपया 26 पैसे की गिरावट के साथ 85.76 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती लाभ गंवाकर 26 पैसे के नुकसान के साथ 85.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर जोखिम की धारणा में सुधार से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और स्थानीय मुद्रा में गिरावट दर्ज की गई।

### सरकारी बैंकों का क्रेडिट कार्ड एनपीए बढ़कर 14.3 प्रतिशत पर, निजी क्षेत्र में स्थिति बेहतर

**मुंबई :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का क्रेडिट कार्ड मद में फंसा कर्ज बढ़ा है। यह मार्च, 2025 में बढ़कर 14.3 प्रतिशत हो गया जबकि छह महीने पहले यह 12.7 प्रतिशत के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सरकारी बैंकों से अच्छा है। इस अवधि में निजी बैंकों का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो से सकल गैर-निष्पादित परिसपंत्ति (एनपीए) 2.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक पिछले लगभग दो साल से बैंकों को क्रेडिट कार्ड सहित जोखिम भरे असुरक्षित बही-खातों को बढ़ाने के प्रति अधिक सतर्क रहने के लिए कह रहा है। केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2023 में इस तरह के कर्ज को हतोत्साहित करने के लिए जोखिम भारांश भी बढ़ाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का क्रेडिट कार्ड प्राप्तियों के मोर्चे पर बकाया 19.2 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों का क्रेडिट कार्ड बकाया 11.7 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समग्र ऋण वृद्धि एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार निजी क्षेत्र के बैंकों से आगे निकल गई।

# शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थमी, बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 452 अंक टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 452 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। हाल की तेजी के बाद मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पूरे कारोबार के दौरान गिरावट रही और अंत में यह 452.44 अंक यानी 0.54 प्रतिशत के नुकसान के साथ 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 576.77 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों



पर आधारित एनएसई निफ्टी 120.75 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.81 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप में 0.67 प्रतिशत की मजबूती रही। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई।' उन्होंने कहा, 'निवेशकों का ध्यान अमेरिका सरकार के साथ व्यापार समझौते पर होगा, क्योंकि इसकी अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। भारत को अभी समझौते को अंतिम रूप देना बाकी है...। हालांकि, उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाएं गिरावट पर अंकुश लगा सकती है।'

## सरकारी बैंकों का क्रेडिट कार्ड एनपीए बढ़कर 14.3 प्रतिशत पर, निजी क्षेत्र में स्थिति बेहतर

**मुंबई :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का क्रेडिट कार्ड मद में फंसा कर्ज बढ़ा है। यह मार्च, 2025 में बढ़कर 14.3 प्रतिशत हो गया जबकि छह महीने पहले यह 12.7 प्रतिशत के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सरकारी बैंकों से अच्छा है। इस अवधि में निजी बैंकों का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो से सकल गैर-निष्पादित




परिसपंत्ति (एनपीए) 2.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक पिछले लगभग दो साल से बैंकों को क्रेडिट कार्ड सहित जोखिम भरे असुरक्षित बही-खातों को बढ़ाने के प्रति अधिक सतर्क रहने के लिए कह रहा है। केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2023 में इस तरह के कर्ज को हतोत्साहित करने के लिए जोखिम भारांश भी बढ़ाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का क्रेडिट कार्ड प्राप्तियों के मोर्चे पर बकाया 19.2 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों का क्रेडिट कार्ड बकाया 11.7 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समग्र ऋण वृद्धि एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार निजी क्षेत्र के बैंकों से आगे निकल गई।
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए 2.8 प्रतिशत रहा, जबकि निजी बैंकों के लिए यह 1.8 प्रतिशत रहा।

## मई के अंत तक राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 0.8 प्रतिशत पर : सरकारी आंकड़े

नयी दिल्ली : चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8 प्रतिशत रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में राजकोषीय घाटा या सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) का 3.1 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4 प्रतिशत या 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई, 2025 के दौरान राजकोषीय घाटा 13,163 करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 0.8 प्रतिशत रहा है। शुद्ध कर राजस्व 3.5 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान 2025-26 का 12.4 प्रतिशत दर्ज किया गया। पिछले साल इसी अवधि में यह बजट अनुमान का 12.3 प्रतिशत था। मई, 2025 के अंत तक कुल व्यय 7.46 लाख करोड़ रुपये या चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 14.7 प्रतिशत रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह 12.9 प्रतिशत था।

### वोडाफोन आइडिया ने 23 और शहरों में 5जी सेवा का विस्तार किया

**नयी दिल्ली :** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने 23 और शहरों में 5जी सेवा का विस्तार किया है। इनमें जयपुर, कोलकाता और लखनऊ शामिल हैं। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वीआई ने पहले ही पांच शहरों - मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़ और पटना में 5जी सेवा शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा, 'वीआई... ने अपने 5जी प्रसार के अगले चरण की घोषणा की है, जिसके तहत अब 23 शहरों में नेटवर्क की तैनाती की जा रही है। इनमें अहमदाबाद, आगरा, औरंगाबाद, कोझीकोड, कोचीन, देहरादून, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मदुरै, मलप्पुरम, मेरठ, नागपुर, नासिक, पुणे, राजकोट, सोनीपत, सूरत, सिलीगुड़ी, त्रिवेंद्रम, वडोदरा और विशाखापट्टनम शामिल हैं।'' वीआई ने 22 दूरसंचार सर्किल में 17 में 5जी स्पेक्ट्रम हासिल कर लिया है।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, स्टारफिन इंडिया ने कम आय वाले परिवारों के लिए पेश की योजना

**नयी दिल्ली :** निजी क्षेत्र की प्रमुख साधारण बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने बीएलएस ई-सर्विसेज की अनुषंगी स्टारफिन इंडिया के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी कम आय वाले परिवारों के लिए विशेष रूप से तैयार 'हॉस्पिटल डेली कैश बेनिफिट' योजना पेश करने के लिए की गई है। दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान के अनुसार, यह योजना अस्पताल में भर्ती होने पर खर्चों का बोझ कम करने के उद्देश्य से लाई गई है। इसके तहत, बीमाधारक को बीमारी या दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर हर दिन एक निर्धारित नकद राशि दी जाएगी। इसके साथ ही, आकस्मिक मृत्यु और अपंगता के लिए भी सुरक्षा दी जाएगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस में व्यापार प्रमुख (इमेर्जिंग बिजनेस लाइन) प्रिया कुमार ने कहा, 'अस्पताल में भर्ती होने पर आर्थिक सहायता समय पर मिलना कमजोर वर्गों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है...इस साझेदारी के जरिये हम जरूरतमंद लोगों की वित्तीय मजबूती को बढ़ावा दे रहे हैं।'

## बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9 प्रतिशत पर: आरबीआई




**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। इस दौरान उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9 प्रतिशत रही थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये गये कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आरबीआई ने कहा, 'उद्योग को दिए गए ऋण में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 8.9 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, इंजीनियरिंग, निर्माण और रबड़, प्लास्टिक और उनके उत्पादों के बकाया ऋण में वार्षिक आधार पर तेज वृद्धि दर्ज की गई।' आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य अवधि में कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए कर्ज में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 21.6 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सेवा क्षेत्र के लिए ऋण में मामूली 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 20.7 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को ऋण में धीमी वृद्धि है। दूसरी ओर, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर खंड में कर्ज वृद्धि अच्छी रही।

### साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षण, सतर्क रुख की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने और वित्तीय क्षेत्र में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण, सतर्क रुख और कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर सजग सुरक्षा रणनीतियों को अपनाने का सुझाव दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कि सृजन से जुड़े एआई संचालित तरीकों के माध्यम से धोखाधड़ी के नये स्वरूप विकसित हो रहे हैं। इसमें धोखाधड़ी के इरादे से भेजे जाने वाले ई-मेल, संदेश और 'डीपफेक' शामिल हैं। आरबीआई की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा गया, 'डिजिटल वित्तीय सेवाओं, क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे और विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर जुड़ी प्रणालियों का उपयोग बढ़ रहा है। इसके साथ साइबर हमले का जोखिम भी तेजी से बढ़ा है।' रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय संस्थाओं और प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं के बीच प्रणाली के स्तर पर जुड़ाव को देखते हुए, भरोसा, स्थिरता और कारोबारी निरंतरता बनाये रखने के लिए साइबर मजबूती को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3283 अंक 093, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in